दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।।शनिवार 16 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 157 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

दैनिक
करंट क्राइम
होली महोत्सव
23 मार्च 2024
समय: सांय
4.00 बजे।

## पहलवान और पहलवान के दोस्त ने बनाई कुश्ती की योजना

सीन 1




सीन 2



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शनिवार 16 मार्च -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 157 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## आरक्षण को निष्क्रिय बनाने की हो रही कोशिश, बैकलॉग को लेकर मायावती ने सरकार को घेरा



**मायावती ने कहा जातिवादी शक्तियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि के अनेकों षड्यंत्र से बचते बचाते बहुजन समाज को केंद्र व राज्य की सत्ता अपने हाथ में लेने की चुनावी प्रयास हर हाल में जारी रखना है।**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांशीराम को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को कांशीराम की जयंती के अवसर पर मायावती ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरक्षण की व्यवस्था को निष्क्रिय, निष्प्रभावी बनाने की लगातार हो रही कोशिश को षड्यंत्र बताया और इसकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि एस.सी./एस.टी, और ओबीसी को आरक्षण का लाभ देना तो दूर इनके बैकलॉग को भी नहीं भरा जा रहा है। इससे नीति निर्धारण में बहुजन समाज के लोगों की भूमिका गौण है। इसको बदलने का चिंतन व चुनावी प्रयास दोनों बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार ने अनेकों स्मारक, स्थल, पार्क, विश्वविद्यालय, कालेज, अस्पताल के साथ नये जिले भी बनाए, जो उनके विरोधियों को कभी अच्छा नहीं लगा। उनकी सरकार बनते ही कई के नाम ही बदल डाले। कांशीराम नगर जिले का नाम बदला गया। ऐसे जातिवादी समाज, सांप्रदायिक एवं संक्रीण सोच रखने वाली पार्टियों व उनके नेताओं से बहुजन समाज का हित व कल्याण की आशा करना रेगिस्तान में पानी तलाश से कम नहीं। इसलिए सावधानी बरतनी जरूरी है। मायावती ने कहा जातिवादी शक्तियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि के अनेकों षड्यंत्र से बचते बचाते बहुजन समाज को केंद्र व राज्य की सत्ता अपने हाथ में लेने की चुनावी प्रयास हर हाल में जारी रखना है। तभी यहां सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आंदोलन की सफलता संभव है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न अलंकरण दिये जाने की मांग फिर उठायी है। बहुजन नायक कांशीराम के संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए सत्ता की चाभी हासिल करने के लिए तन मन धन से कुबार्नी बहुत जरूरी है।

## जीडीए उपाध्यक्ष पद पर अतुल वत्स को मिली शासन से तैनाती

### आज संभालेंगे जीडीए वीसी का कार्यभार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक लंबे समय के बाद गाजियाबाद में ऐसा होगा जब जीडीए को उनके उपाध्यक्ष अलग से मिलेंगे। अबसे पहले ये हो रहा था कि जिलाधिकारी पद पर मौजूद अधिकारी को ही जीडीए उपाध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार दिया जा रहा था। डीएम रहते हुए रितु माहेश्वरी से यह परम्परा शुरू हुई और उनके तबादले तक यह जारी रही। इसके बाद जब राकेश कुमार सिंह को जीडीए वीसी का अतिरिक्त कार्यभार मिला और उन्होंने भी तबादला होने तक डबल पारी खेली। इसके बाद इन्द्र विक्रम सिंह ने जब डीएम का चार्ज संभाला तो दो दिन बाद जीडीए वीसी की जिम्मेदारी भी उनके पास आ गई। लेकिन लोकसभा चुनावों से पहले शासन ने ये बड़ा फेरबदल किया है और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर नई तैनाती की गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर अतुल वत्स को तैनात किया गया है। अतुल वत्स मौजूदा समय में अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हैं और वह अब जीडीए वीसी पद पर ज्वाईन करेंगे। नए जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स आज यानी शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लेंगे।




**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर अतुल वत्स को तैनात किया गया है। अतुल वत्स मौजूदा समय में अलीगढ़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हैं और वह अब जीडीए वीसी पद पर ज्वाईन करेंगे।**

### सीएए लागू होने के बाद

## गाजियाबाद में पुलिस रही हाई अलर्ट पर

गाजियाबाद करंट क्राइम। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू होने के बाद जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस हाई अलर्ट रही। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त निरंतर होती रही। जिन इलाकों में नमाज अदा की गई है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। डीसीपी सिटी ज्ञानंजय सिंह पुलिस बल के साथ भ्रमण कर रहे हैं। ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि त्योहार को लेकर हम लोग सतर्कता बरत रहे हैं। हमारा कोई विषय नहीं है। चुनाव इस वक्त बड़ा मुद्दा है। इसके बाद ई त्योहार आनेवाले हैं। सोशल मीडिया पर भी हमलोग नजर रखे हुए हैं। इस पर एक सेल अलग से काम कर रही है। शहर में अमन चैन है।

## लखनऊ बोले अबकी बार पांच लाख के पार

## राजनाथ सिंह के विकास का दिखाई देता है यहां पूरा असर, कार्यकर्ता प्रचार में नहीं छोड़ रहे कोई भी कसर




गाजियाबाद, करंट क्राइम। आज लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की पूरी संभावना है। इस बार जिन सीटों पर विशेष नजर है उनमें लखनऊ लोकसभा सीट भी है। लखनऊ से केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूदा समय में लोकसभा सांसद हैं। वह लगातार दूसरी बार यहां से चुनाव जीते हैं। इस बार लखनऊ लोकसभा को लेकर कार्यकताओं में जोश है। ये जोश उन शब्दों में दिखाई दे रहा है जिसमें कहा गया है कि लखनऊ बोले अबकी बार पांच लाख के पार। कार्यकताओं में जोश है और वो इसे डीपी पर लगा रहे हैं। इस लोकसभा में इस बार पांच लाख पार वाले नारे को कार्यकताओं के प्यार, स्नेह से भी जोड़कर देखा जा रहा है। यह केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की लोकसभा संसदीय क्षेत्र वाली सीट है। यहां उन्होंने बड़े विकास कार्य कराये हैं। वो कार्यकताओं से भी मुखातिब रहते है और विकास को लेकर भी उनका अपना विजन है। इस बात का भी असर पड़ेगा और कार्यकताओं में भी जोश है। सबसे बड़ी जीत लाने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ता चल रहे हैं। लखनऊ बोल रहा है और वो यहां इस बार वोटों की एक बड़ी सूनामी लाने की तैयारी हो रही है।

### भाजपा को एक परिवार की तरह लेकर चलते हैं नीरज सिंह



करंट क्राइम। लखनऊ लोकसभा में यूथ आईकॉन नीरज सिंह पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। विकास की बात हो तो वो स्वयं परियोजना की फाईलों को लेकर अधिकारियों से मिल लेते हैं। लोकसभा क्षेत्र में लोगों को कोई सौगात देनी है तो इसके लिए नीरज सिंह मुख्यमंत्री से भी मिलते है। सबसे बड़ी बात नीरज सिंह का कार्यकताओं के साथ संवाद और उनकी व्यवहार शैली है। नीरज सिंह हमेशा से भाजपा कार्यकताओं को एक परिवार की तरह लेकर चलते हैं। कितने मौके ऐसे है जब वो कार्यकताओं की मदद के लिए तैयार मिले हैं। ये उनकी वो खूबी है जो उन्हें गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक लोकप्रियता के टॉप पर रखती है। ये परिवार वाली फीलिंग है तभी तो नीरज सिंह को पूरी भाजपा नीरज भैया के नाम से जानती है। ये एक विजन के साथ काम करने की उनकी शैली है कि वो यूथ आईकॉन के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। नीरज सिंह लोकसभा में एक्टिव है और इस बार माहौल अलग है। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां नीरज सिंह गाजियाबाद की तरह कार्यकताओं में लोकप्रिय हैं।

### क्या इस बार हैट्रिक के साथ बनेगा जीत का एक बड़ा रिकार्ड

करंट क्राइम। राजनाथ सिंह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं और केन्द्र सरकार में मंत्री हैं। राजनीतिक रूप से एक बड़ा प्रोफाईल है लेकिन उनका कार्यकताओं से मिलने का संवाद करने का स्टाइल उन्हें सबसे अलग बनाता है। जब वो गाजियाबाद से लोकसभा सांसद रहे तो यहां पूरी भाजपा की जुबान पर उनके लिए माननीय जी शब्द रहता था और ये उनके व्यवहार का असर है कि लखनऊ शहर उनके लिए उसी अदब क साथ मौजूद है। लगातार दो बार वो लोकसभा का चुनाव जीते हैं। अब जब ये बयार चल रही है कि अबकी बार पांच लाख के पार तो ये कयास भी लगाया जा रहा है कि राजनाथ सिंह के सांसद वाले कार्यकाल की हैट्रिक क्या इस बार रिकार्ड जीत के साथ बनेगी।

## अतुल गर्ग के सुपर कम्प्यूटर को आज स्टार्ट करेंगे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुनील शर्मा ने कैबिनेट मंत्री का प्रभार संभाल लिया है और उनके पास विभाग भी इलैक्ट्रानिक और सूचना का आया है। वहीं पहले वाली सरकार में खाद्य एवं रसद से लेकर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा का राज्यमंत्री वाला प्रभार संभाल चुके अतुल गर्ग शिक्षाविद् भी हैं। उनके इंजीनियरिंग कॉलेट हैं उनके आईटी कॉलेज हैं। उनको कई विषयों की गहन नॉलेज है। कहा तो ये भी जाता है कि शहर विधायक अतुल गर्ग का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है। सियासत में उनके कैलकुलेशन जबरदस्त होते हैं अब सबको पता चला है कि उनके पास पूरे एनसीआर में सबसे सुपर माने जाने वाला कम्प्यूटर भी है। अतुल गर्ग चाहते हैं कि तीन करोड़ रुपए के सुपर कम्प्यूटर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा करें। अब जब शहर विधायक ने अपनी इच्छा जताई तो कैबिनेट मंत्री भी इंकार नहीं कर सके। उन्होंने इस कम्प्यूटर के उद्घाटन के लिए हामी भरी है। बताया ये भी जाता है कि शहर विधायक अतुल गर्ग ने विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से वक्त लिया। क्योंकि उनकी इच्छा थी कि सुनील शर्मा जिस विभाग के मंत्री हैं वो इसका उद्घाटन करें। सुनील शर्मा ने इसके लिए सहज स्वीकृति दी और आज इसका उद्घाटन होगा। बताया ये जाता है कि तीन करोड़ रुपए लागत का ये सुपर कम्प्यूटर आस-पास के जिलों में नहीं है। पॉवर और स्पीड के मामले में ये सबसे आगे हैं। स्टोरेज अनलिमिटेड है और जब आज कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उद्घाटन के बाद इसे छात्रों को सौंपेगे तो काईट संस्थान के आईटी के छात्रों को बड़ा लाभ होगा।




### आज दोपहर तीन बजे होगा तीन करोड़ के कम्प्यूटर का उद्घाटन

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा आज दोपहर तीन बजे काईट संस्थान में तीन करोड़ के सुपर कम्प्यूटर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद ये सुपर कम्प्यूटर छात्रों को सौंपा जायेगा। इस कम्प्यूटर के बाद यहां छात्रों के कम्प्यूटर ज्ञान में जबरदस्त परिवर्तन आयेगा।

## गाजियाबाद में खांसी के मरीजों में कोरोना मिल रहा

**सरकारी अस्पतालों में फिजिशियन की ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज इन्हीं लक्षणों के पहुंच रहे हैं।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बदलते मौसम में जुकाम, बदन दर्द के मरीजों में कोरोना की पुष्टि हो रही है। सरकारी अस्पतालों में फिजिशियन के पास 60 प्रतिशत मरीज इन्हीं लक्षणों के आ रहे हैं, लेकिन सभी की कोरोना जांच न होने से कोविड का पता नहीं लग पा रहा. जिले में फिलहाल कोरोना के 23 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। एमएमजी अस्पताल में को कुल 1844 मरीजों का पंजीकरण किया गया। इनमें 868 महिलाएं, 651 पुरुष और 325 बच्चे शामिल रहे। बुखार के 244 के अलावा जुकाम, खांसी और बदन दर्द के 275 से ज्यादा मरीज ओपीडी में उपचार कराने पहुंचे। इसी तरह संयुक्त अस्पताल में को 1130 मरीजों का इलाज किया गया. गौर करने वाली बात यह है कि कोरोना के जितने भी केसों की पुष्टि हो रही है, सभी में जुकाम, खांसी, बदन दर्द और बुखार के लक्षण देखने को मिले हैं. जांच कराने के बाद उनमें कोरोना की पुष्टि हुई हैं। सरकारी अस्पतालों में फिजिशियन की ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज इन्हीं लक्षणों के पहुंच रहे हैं। हालांकि ओपीडी से चिकित्सक वायरल इंफेक्शन बताकर उपचार दिया जा रहा है और उनकी कोरोना जांच नहीं कराई जा रही। मौसम में बदलाव के कारण वायरल और खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण वायरल और खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे कुछ मरीज ज्यादा परेशानी होने पर कोरोना जांच करवा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश पॉजिटिव मिल रहे हैं। फिलहाल जिले में कोरोना के 23 सक्रिय मरीज हैं। सभी मरीजों की लगातार निगरानी की जा रही है। कोई भी मरीज गंभीर नहीं है।

## डायरी से खुलासा — बीवी और बेटे की जान लेने वाले कारोबारी का बुराड़ी कनेक्शन!

गाजियाबाद, करंट क्राइम। करंट क्राइम ने कल पत्नी और बेटे की जान लेने के बाद सुसाइड करने वाले की स्टोरी को विस्तृत तरीके से छापा था। सूत्रों से पता चल रहा है कि अमरदीप की डायरी से कुछ परते खुली इसके बाद खुला वो सच, जिसे सुनकर शायद आपका भी दिल कांप जाए। अस्पताल में भर्ती इस शख्स ने ही अपने हाथों से अपनी पत्नी और बेटे का गला काटा था। इसके बाद उसने खुद की गर्दन पर भी चाकू चलाया, लेकिन सही मौके पर पुलिस के पहुंचने से वो बच गया।

मूल तौर पर, हिमाचल प्रदेश में ऊना के रहने वाले इस शख्स का नाम अमरदीप शर्मा है और उसने कर्ज से तंग आकर ये कदम उठाया था। वहीं, केस की जांच में जुटी पुलिस ने जब उसका घर खंगाला तो एक डायरी मिली, जिसमें अमरदीप पिछले दो महीनों से हर दिन अपनी बातें लिखा करता था। गुरुवार को पत्नी और बेटे की हत्या करने से पहले भी उसने डायरी लिखी थी, जिसमें कहा कि लड़ते-लड़ते अब वो हार गया है। आपको याद होगी, 1 जुलाई 2018 को दिल्ली के बुराड़ी इलाके की वो घटना, जिसमें परिवार के 11 लोगों ने सुसाइड किया था। पुलिस को जांच में घर के अंदर से यहां भी कुछ डायरियां मिलीं थी, जिनमें इन आत्महत्याओं के बारे में काफी पहले से लिखा जा रहा था।

### डायरी में अमरदीप ने क्या-क्या लिखा?

करंट क्राइम। पुलिस को घर से अमरदीप की जो डायरी मिली है, उसमें वो पिछले दो महीनों से खुद पर बीत रही बातें लिख रहा था। डायरी में फरवरी के एक नोट में अमरदीप ने लिखा है, 'कोविड महामारी में हुए नुकसान की वजह से कर्ज इतना बढ़ गया है कि अब मैं मरना चाहता हूं।' इसके अलावा गुरुवार को उसने डायरी में लिखा, 'लड़ते-लड़ते अब हार गया हूं। पत्नी और बेटे को मारने के बाद मैं अपनी भी जान ले लूंगा। इसके लिए अपने परिवार के लोगों से माफी मांगता हूं।' डायरी में और भी बहुत कुछ लिखा है, जिनकी पूरी जानकारी अभी नहीं मिली है।

### कोविड महामारी में डूबा अमरदीप का बिजनेस



करंट क्राइम। पुलिस के मुताबिक, अमरदीप ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में एक डिपार्टमेंटल स्टोर खोला था। लेकिन, कोविड महामारी में जब लॉकडाउन लगा तो उसे भारी नुकसान हुआ और इसके बाद उसके ऊपर कर्ज चढ़ने लगा। अमरदीप ने कई लोगों से कर्जा ले रखा था, जिसे वो चुका नहीं पा रहा था। इस कर्जे को चुकाने के लिए अमरदीप ने तीन महीने पहले कांगड़ा में अपनी दुकान भी बंद कर दी। इसके बाद उसने अपना घर गिरवी रख, बैंक से 25 लाख रुपए का लोन मांगा। लेकिन, ये घर उसके पिता के नाम पर था और अमरदीप के भाई ने इसे गिरवी रखने से मना कर दिया।

# पुलिस भर्ती पेपर लीक के मुख्य आरोपियों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार, डीजीपी प्रशांत कुमार ने किया खुलासा

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती पेपर लीक प्रकरण में फरार आरोपित को एसटीएफ ने कौशांबी जिले से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीते माह एसओजी ने पुलिस भर्ती से पहले कार सवार तीन युवकों को पकड़ा था। उनके पास से नकदी रुपए के अलावा मार्कशीट और लैपटॉप आदि बरामद हुआ था। पूछताछ में उन्होंने सरगना अरुण सिंह निवासी लखनऊ का नाम बताया था। जनपद पुलिस से पहले यूपी एसटीएफ ने उसे पकड़ लिया। साथ ही मंझनपुर पुलिस के सुपुर्द किया। उससे पूछताछ जारी है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षार रद्द कर अगले छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने की बात कही गई थी। इधर आरोपियों की तलाश चल रही थी। इस संबंध में एसटीएफ ने बहुत अच्छे तरीके से कार्रवाई की और इस केस का सफल अनावरण कर दिया। एसटीएफ की मदद से यह पता चल पाया कि यह प्रश्न पत्र किसने और कैसे लीक किया। इस संबंध में कुल 178




**यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी 2024 को आयोजित की गई थी, लेकिन पेपर लीक की खबर की पुष्टि होने पर इस परीक्षा को निरस्त कर दिया गया. इसके बाद जांच के लिए एसटीएफ को लगाया गया, जिसने जगह-जगह छापेमारी की.**

अभियोग यूपी के विभिन्न जिलों में पंजीकृत हुए। इसमें 396 लोगों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी थी।


एसटीएफ ने भी इन्हीं संख्या 178 में 15 अभियोग दर्ज कराए थे। इसमें तीन महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की गई है। पहला अभिषेक कुमार शुक्ला प्रयागराज का रहने वाला है। दूसरा शिवम गिरी मिजार्पुर का रहने वाला है और रोहित कुमार पांडेय जो कि भदोही का रहने वाला है।

बता दें कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा के दौरान नकल करवाने वाले दो वांछितों को नोएडा एसटीएफ की टीम ने मथुरा से गिरफ्तार किया है। एक आरोपित के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एसटीएफ ने आरोपितों को गिरफ्तार कर कोतवाली सेक्टर-39 में दाखिल कर न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस गैंग के एक शातिर को एसटीएफ पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपित मेरठ, मुजफ्फरनगर, गौतमबुद्ध नगर, झांसी सहित कई जिलों से वांछित थे।

# अमिताभ बच्चन की तबियत खराब, मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुई एंजियोप्लास्टी

**मुंबई।** महान अभिनेता अमिताभ बच्चन की मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है। कथित तौर पर अभिनेता को शुक्रवार तड़के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, अभिनेता की एंजियोप्लास्टी उनके दिल पर नहीं बल्कि उनके पैर में कुछ थक्के पर की गई थी। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने नवीनतम पोस्ट में उन्होंने लिखा, "हमेशा आभार में।" उनके नवीनतम पोस्ट पर, प्रशंसकों ने अभिनेता के स्वास्थ्य पर अपनी चिंता व्यक्त करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, "मैं प्रार्थना करता हूं कि आप स्वस्थ रहें।" इस साल की शुरूआत में, दिग्गज अभिनेता की हालत गंभीर होने की एक खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद इंडिया टीवी की तथ्य जांच टीम ने इस खबर की प्रामाणिकता की जांच की और इसे भ्रामक पाया। अमिताभ बच्चन को अक्सर रविवार के दिन अपने आवास जलसा के बाहर अपने प्रशंसकों से



मिलते और उनका अभिवादन करते देखा जाता है। उन्होंने इस पल की कई तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया पर नियमित रूप से साझा कीं।

आमिर खान, कैटरीना कैफ-स्टारर ठग्स ऑफ हिंदोस्तान की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन को चोट लग गई। कौन बनेगा करोड़पति 14 की शूटिंग के दौरान उनके पैर की एक नस कट गई। उन्हें दो बार कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। दिवाली 2022 से पहले अमिताभ भी घायल हो गए थे, जिसकी जानकारी उन्होंने शेयर की थी कि उनके पैर की नस कट गई है। लापरवाही के कारण एक बार बिग बी हेपेटाइटिस बी से संक्रमित व्यक्ति के खून से संक्रमित हो गए थे। 75 प्रतिशत लीवर ने काम करना बंद कर दिया है। बिग बी पहले से ही अस्थमा, लिवर की समस्या और निमोनिया से पीड़ित थे। वह अपनी फिल्म कुली के सेट पर लगी गंभीर चोट से बच गए।

बिग बी आखिरी बार नीना गुप्ता की फिल्म अलविदा में नजर आए थे। वह अगली बार दीपिका पादुकोण और प्रभास स्टारर कल्कि एडी 2898 में दिखाई देंगे, जो 600 करोड़ रुपये से अधिक के भारी बजट के साथ बनाई गई है। वह ब्रह्मास्त्र की अगली किस्त में भी दिखाई देंगे। वह रजनीकांत अभिनीत वेट्टैयान का भी हिस्सा हैं। फिल्म में फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, रितिका सिंह और मंजू वारियर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# जनरल वीके सिंह, वरुण गांधी, बृजभूषण समेत 24 सीटों पर अब खत्म होगा इंतजार, दिल्ली में मीटिंग

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंतजार खत्म होने वाला है। चुनाव आयोग ने शनिवार को दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इस दौरान आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा और बताएगा कि यूपी, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा समेत तमाम राज्यों में लोकसभा चुनाव के लिए किस दिन कहां वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव के अलावा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी इलेक्शन कमिशन शनिवार को ही ऐलान करेगा। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शानिल हैं। पहले भी इन राज्यों के इलेक्शन लोकसभा चुनाव के साथ होते रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में तो भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का भी ऐलान कर दिया है। इसके अलावा आंध्र



प्रदेश और ओडिशा में भी कैंडिडेट्स के नाम पर मंथन चल रहा है। फिलहाल ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार है। इसके मुखिया नवीन पटनायक बीते कई दो दशकों से ज्यादा वक्त से लगातार राज्य के मुख्यमंत्री बने हुए हैं। वहीं आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री हैं। वह राज्य के पुनर्गठन के बाद से सूबे की कमान संभाल रहे हैं। उनके पिता वाईएसआर रेड्डी भी अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव को लेकर भी लोग चर्चा कर रहे हैं कि शायद लोकसभा के साथ ही वहां भी इलेक्शन हो जाएं। लेकिन चुनाव आयोग के सूत्र इससे इनकार कर रहे हैं। आयोग के सूत्रों का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ इलेक्शन नहीं होंगे। लेकिन परिस्थितियां ठीक रहीं तो इसी साल अक्टूबर तक महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों के साथ वहां भी वोटिंग कराई जा सकती है।

# सरकार ने साइबर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का पता लगाने के लिए आई4सी को एजेंसी नामित किया



नई दिल्ली। केंद्र ने साइबर क्षेत्र में गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को सूचित करने के लिए ह्यभारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को गृह मंत्रालय की एक एजेंसी के रूप में नामित किया है। गृह मंत्रालय द्वारा आई4सी का गठन समन्वित तरीके से साइबर अपराध से निपटने के मद्देनजर कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के वास्ते एक रूपरेखा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए किया गया था। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 क तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए साइबर क्षेत्र में गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को सूचित करने के लिए आई4सी को गृह मंत्रालय की एक एजेंसी के रूप में नामित किया है।

# लोकसभा चुनाव के साथ ही अब इन 4 राज्यों में भी इलेक्शन, कहां-कहां ऐलान की तैयारी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंतजार खत्म होने वाला है। चुनाव आयोग ने शनिवार को दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इस दौरान आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा और बताएगा कि यूपी, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा समेत तमाम राज्यों में लोकसभा चुनाव के लिए किस दिन कहां वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव के अलावा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी इलेक्शन कमिशन शनिवार को ही ऐलान करेगा। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शानिल हैं। पहले भी इन राज्यों के इलेक्शन लोकसभा चुनाव के साथ होते रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में तो भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का भी ऐलान कर दिया है।

इसके अलावा आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी कैंडिडेट्स के नाम पर मंथन चल रहा है। फिलहाल ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार है। इसके मुखिया नवीन पटनायक बीते कई दो दशकों से ज्यादा वक्त से लगातार राज्य के मुख्यमंत्री बने हुए हैं।

वहीं आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री हैं। वह राज्य के पुनर्गठन के बाद से सूबे की कमान संभाल रहे हैं। उनके पिता वाईएसआर रेड्डी भी अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव को लेकर भी लोग चर्चा कर रहे हैं कि शायद लोकसभा के साथ ही वहां भी इलेक्शन हो जाएं। लेकिन चुनाव आयोग के सूत्र इससे इनकार कर रहे हैं। आयोग के सूत्रों का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ इलेक्शन नहीं होंगे। लेकिन परिस्थितियां ठीक रहीं तो इसी साल अक्टूबर तक महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों के साथ वहां भी वोटिंग कराई जा सकती है। बता दें कि हाल ही में जब चुनाव आयोग का प्रतिनिधिमंडल जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गया था तो वहां कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने मांग की थी कि लोकसभा चुनाव के साथ ही यहां भी इलेक्शन करा लिए जाएं।

# हमारा लिफाफा लौटा दीजिए मीलॉर्ड, सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से क्यों गिड़गिड़ाया चुनाव आयोग

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ आज चुनाव आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई करेगी, जिसमें आयोग ने पिछली तारीखों पर सौंपे गए दो सीलबंद लिफाफे को वापस करने की मांग की है। आयोग ने अपनी याचिका में कहा है कि उसने 12 अप्रैल 2019 और 2 नवंबर, 2023 को पारित आदेशों के अनुसार शीर्ष न्यायालय के समक्ष इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े दस्तावेजों के दो सीलबंद लिफाफे सौंपे थे, उसे वापस कर दिए जाएं। इस मामले पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने आयोग को दोनों लिफाफे लौटाने को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री पहले उन लिफाफों के दस्तावेजों को स्कैन कर अपने रिकॉर्ड में रख ले, उसके बाद मूल प्रति चुनाव आयोग को लौटा दे। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि आयोग उन दस्तावेजों को भी 17 मार्च तक वेबसाइट पर अपलोड करे। चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत से कहा था कि चूंकि उसने उन दस्तावेजों की कोई प्रति अपने पास नहीं रखी है, इसलिए उनके द्वारा दाखिल दस्तावेजों की सीलबंद प्रतियां उसे वापस कर दी जानी चाहिए, ताकि वह अदालत के 11 मार्च के आदेश के अनुसार उसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड




कर सके। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च, 2024 को सुनवाई के दौरान भारतीय स्टेट बैंक को 12 मार्च तक चुनावी बॉन्ड डेटा का खुलासा करने और उसे निर्वाचन आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक स्टेट बैंक से प्राप्त इलेक्टोरल बॉन्ड से संबंधित जानकारी को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया था।

इन बॉन्ड्स में राजनीतिक दलों को मिले चंदों की जानकारी है। इसके बाद चुनाव आयोग ने 14 मार्च को अपनी वेबसाइट पर चंदा देने वालों की लिस्ट अपलोड कर दी है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सौंपे और चुनाव आयोग द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज के मुताबिक, एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी, 2024 के बीच दानदाताओं ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा था कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है।

# चुनावी बॉण्ड खुलासे से बीजेपी की लूट देश के सामने आई : अशोक गहलोत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनावी बॉण्ड को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि आंकड़े सामने आने से उसकी लूट देश के सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सट्टेबाजी, जुआ आदि का काम करने वाली कंपनियों तक से चंदा लिया है और यही भाजपा के चरित्र का सत्यापन है। गहलोत की यह टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद आई है।




गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में कहा, इलेक्टोरल बॉण्ड का डाटा सार्वजनिक होने के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा मचाई गई लूट देश के सामने आ गई है। उन्होंने लिखा, चुनावी बॉन्ड की जानकारी से तो ऐसा लगता है कि ईडी, भाजपा का वसूली विभाग बनकर रह गई है। जिन कंपनियों पर केंद्रीय एजेंसियों ने छापे मारे, उन्होंने ही भाजपा को इलेक्टोरल बॉण्ड से चंदा दिया और उनके खिलाफ चल रही कार्रवाई रुक गईं।

पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, भाजपा ने सट्टेबाजी, जुआ आदि का काम करने वाली कंपनियों तक से चंदा लिया और यही भाजपा के चरित्र का सत्यापन है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से कह रही थी कि इलेक्टोरल बॉण्ड देश का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा अब यह देश के सामने आ गया है कि भाजपा देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी है जिसने भ्रष्टाचार का सरकारीकरण कर दिया है। ऐसा पहली बार देखा गया है कि जो कंपनियां घाटे में चल रही हैं वह भी करोड़ों रुपये का चंदा भाजपा को दे रही हैं।

# किस कंपनी ने दिया 1200 करोड़ का चंदा? एक दिन में चिल्लाते हुए 100 करोड़ के नामांकन में, नोतिन बोरिस ने संसद में की थी प्रमुख भूमिका

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड, इलेक्टोरल बॉन्ड और इलेक्टोरल बॉन्ड- गुरुवार (15 मार्च 2024) शाम को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ओर से 12 मार्च को इलेक्शन कमीशन के साथ डेटा शेयर किया गया, सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। ।। सोशल मीडिया से लेकर, डिजिटल और टीवी न्यूज और अखबारों के रिपब्लिकन में सिर्फ इलेक्टोरल बॉन्ड की ही चर्चा रही है। चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर आधिकारिक डेटा अपलोड कर सार्वजनिक कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक चुनाव आयोग ने बॉन्ड का पूरा डेटा आम लोगों के लिए उपलब्ध कराया। इस सूची में उन संस्थाओं के नाम हैं जिनमें इलेक्टोरल बांड्स को शामिल किया गया था।

इस सूची में टॉप-2 कंपनी में पहली लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल (फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज) और दूसरी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा पार्टिशन लिमिटेड त्नमेघा इंजीनियरिंग




एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) शामिल हैं। बता दें कि ऑनलाइन टएक्छ की वेबसाइट पर काम नहीं हो रहा है, सिर्फ होमपेज को ही जोड़ा जा सकता है।

कंपनी के सभी प्रोजेक्ट और डिटेल को आम लोगों द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है। एक दिन में सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड शेयर वाली भारतीय कंपनी MEIL को आम तौर पर मेघा इंजीनियरिंग के नाम से जाना जाता है। इस कंपनी ने अप्रैल 2019 में पहली और अक्टूबर 2023 में आखिरी बार डोनेशन किया था। सबसे बड़ी बात यह है कि 2019 से 2023 के बीच इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये का इलेक्टोरल बॉन्ड शेयर किया। एमआईईएल द्वारा जारी इलेक्टोरल बॉन्ड डेटा के मुताबिक, एमआईईएल से जुड़ी तीन कंपनियों ने भी काफी बड़ा चंदा पॉलिटिकल डेटा को दिया है। वेस्टर्न यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने 220 करोड़, स्पेक पावर ने 40 करोड़, जबकि ईवी ट्रांस प्राइवेट लिमिटेड ने 6 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। इस तरह कुल मिलाकर देखें तो MEIL ने 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा का इलेक्टोरल बॉन्ड बनाया। आपको इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से सबसे अधिक चंदा देने वाली दूसरी टॉप कंपनी टएक्छ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही साइंटिस्ट मेघा इंजीनियरिंग की शुरूआत कैसे करें और कैसे करें। मेघा इंजीनियरिंग की शुरूआत? मेघा इंजीनियरिंग इंटरनैशनल की शुरूआत 1989 में पी. पी. रेड्डी (पामीरेड्डी पिची रेड्डी) ने 1989 में की थी। 1991 में उनकी कंपनी पीवी कृष्णा रेड्डी ने कंपनी में काम करना शुरू किया और अब वह इस कंपनी में हैं। खास बात है कि पी.पी. रेड्डी के परिवार के बिजनेस से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था और उनके पिता एक किसान थे। 2006 में रेड्डी ने इस कंपनी का नाम बदल दिया और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर बन गई। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मेघा ने 14 डॉलर के सबसे बड़े सीलिंग मॉडल से एक का निर्माण कराया। यह प्रोजेक्ट 2019 में चालू हो गया। 2023 में पावर ग्रिड को फोर्ब्स की लिस्ट में 54वें सबसे अमीर भारतीय के तौर पर जगह मिली।

## 14 लाख के गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हापुड़। सहारनपुर की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स व कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर चरस व गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 14 लाख रुपये की कीमत की 1.80 किलोग्राम चरस, साढ़े तीन लाख रुपये की कीमत का 25 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी, तीन मोबाइल फोन व 16 सौ रुपये बरामद हुए है। पुलिस इनके साथियों की तलाश कर रही है।

एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि सहारनपुर की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की टीम को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर चरस व गांजा तस्कर माल की डिलीवरी के लिए बुलंदशहर रोड स्थित आशियाना कॉलोनी के पास आ रहे हैं। सूचना पर उन्होंने सीओ सिटी वरुण मिश्रा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार के साथ सतर्क रहने के निर्देश दिए। दोनों टीमों ने नगर कोतवाली क्षेत्र के देहली गेट निवासी मोहम्मद फैजान, फिरदोस मस्जिद के पास निवासी शाहबाज व जिला मेरठ के थाना मुंडाली क्षेत्र के गांव मऊखास निवासी शानू को दबोच लिया।

## होली पर रहेगा भद्रा का साया

**देहरादून।** होलिका दहन पर इस बार देर रात तक भद्रा का साया रहेगा। इसके कारण इस बार प्रदोष काल में होलिका दहन नहीं किया जा सकेगा। भद्रा समाप्त होने पर ही होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए 1 घंटा 14 मिनट का ही समय रहेगा। इसी समय में ही होलिका दहन किया जाएगा। 24 मार्च को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को होली का पर्व मनाया जाएगा। आचार्य डॉ. सुशांत राज ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9 :54 बजे शुरू होकर 25 मार्च को दोपहर 12 :29 बजे तक रहेगी। 24 मार्च को सुबह 9 :54 बजे से ही भद्रा लग जाएगी और रात 11 :13 बजे तक रहेगी। भद्रा के कारण इस साल प्रदोष काल में

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः– 1130/ पार्किंग/2023–24 दिनांकः 15.03.2024

**पार्किंग स्थलों की खुली बोली हेतु आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न पार्किंग स्थलों पर संचालित/अधिकृत 07 सामान्य पार्किंग स्थलों–1–श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के बाहर, 2–नवयुग मार्किट स्थित पंजाब नैशनल बैंक व इलाहाबाद बैंक के बाहर, 3–मुख्य कार्यालय नवयुग मार्किट स्थित पोस्ट आफिस से स्टेट बैंक तक, 4–मोहन नगर स्थित मीटा कम्पनी से वर्ल्ड स्कवायर मॉल तक, 5–विजयनगर जोनान्तर्गत स्थित साऊथ साईड औद्यो0 क्षेत्र विजयनगर, 6–सिटी जोनान्तर्गत स्थित मेरठ रोड औद्यो0 क्षेत्र, नन्दग्राम 150 फुटा रोड रेत मण्डी के पास, 7–वसुन्धरा जोनान्तर्गत स्थित साहिबाबाद साईट–4 सम्पूर्ण औ0 क्षेत्र, सड़क पटरी किनारे खड़े होने वाले माल वाहक वाहनों यथा टाटा–407, ट्रक, ट्रोला, ट्रैक्टर–ट्राली आदि वाहनों से निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की पसूली करने हेतु दिनांक 16.03.2024 को 1.00 बजे से नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में किया जायेगा। पार्किंग स्थलों की नियम शर्तें के सम्बन्ध में जानकारी नगर निगम मुख्यालय स्थित चतुर्थ तल के कक्ष संख्या–03 से प्राप्त की जा सकती है तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा।

पार्किंग प्रभारी
गाजियाबाद नगर निगम

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 1132/निर्माण/2023–24 दिनांक 15.03.2024

**मल्टीलेविल कार पार्किंग के संचालन हेतु ई–निविदा/खुली बोली आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहीद स्मारक मैट्रो स्टेशन के पास रेड मॉल के पीछे, पालिका ट्रक स्टैन्ड, सी० ब्लाक गाजियाबाद में मल्टीलेविल कार पार्किंग का 3+2 वर्ष की अवधि के लिये संचालन कराये जाने के लिये निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की वसूली करने हेतु दिनांक 16.03.2024 से दिनांक 15.04.2024 तक ई–निविदा एवं खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से द्वि–पद्धति आधार पर सार्वजनिक ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा–शुल्क अंक्न रू0 10.000/– (जो नगर निगम के बैंक खाता संख्या 628601041088 आई0एफ0एस0सी0 कोड ICIC0006286, आई०सी० आई० सी०आई० बैंक, शाखा राजनगर में जमा/आर०टी०जी०एस० की जायेगी, जिसकी रसीद की प्रति स्कैन कर संलग्न करते हुए वेबसाईट पर अपलोड की जानी अनिवार्य है) तथा धरोहर राशि के रूप में अंकन 25.00 लाख रू0 की एफ.डी.आर. (जो लेखाधिकारी, गाजियाबाद नगर निगम के पक्ष में बंधक होगी) निर्धारित है। उक्त मल्टीलेविल पार्किंग के संचालन हेतु इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 15.04.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक डाऊनलोड/अपलोड कर सकते है, प्राप्त निविदायें दिनांक 15.04.2024 को सांय 3:00 बजे पार्किंग प्रभारी के चतुर्थ तल स्थित कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। उसके पश्चात उक्त मल्टीलेविल पार्किंग हेतु खुली बोली का आयोजन दिनांक 15.04.2024 को सांय 4.00 बजे नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में किया जायेगा। कार्य हेतु ई–निविदा अथवा खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि या दोनों में से जो भी अधिकतम होगी, पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा। विस्तृत निविदा सूचना ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

पार्किंग प्रभारी,
गाजियाबाद नगर निगम।




# अभिषेक गर्ग के ऊपर हो गया पार्टी के नाम पर नॉन बेलेबल वारंट जारी

## सक्रिय राजनीति करने वालों की होती है अनदेखी फिर भी संघर्ष रहता है जारी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में कार्यकर्ता पार्टी के लिए संघर्ष करता है और उस पर राजनीतिक मुकदमें दर्ज हो जाते हैं। ये हालत लगभग सभी दलों की रहती है और जब पार्टी विपक्ष में होती है तो पार्टी के संघर्षशील चेहरों पर ही मुकदमें दर्ज होते हैं। समाजवादी पार्टी के ऐसे ही एक चेहरे अभिषेक गर्ग के ऊ पर पार्टी के लिए ही अदालत से नॉन बेलेवल वारेंट जारी हो गया। जब ये खबर बाहर आई तो इस खबर ने सबको हैरान कर दिया। वजह ये थी कि अभिषेक गर्ग की पहचान एक सौम्य मुस्कान वाले चेहरे के रूप में है। वो हमेशा संवाद कायम करते हैं लेकिन उनका विवाद किसी से नहीं होता है। अपनी पहचान एक ऐसे राजनीतिक चेहरे के रूप में बनाई है जिनका हर दल में मान-सम्मान होता है। अभिषेक गर्ग हमेशा सौम्य, शिष्ट और गैरविवादित चेहरे के रूप में जाने जाते है। उनके व्यवहार को देखकर कोई नहीं कह सकता है कि उनपर मुकदमा भी हो सकता है। लेकिन राजनीति में कई बार सियासी कारणों से मुकदमा दर्ज होता है। मुकदमा तो मुकदमा होता है और जब एक बार दर्ज हो जाता है तो फिर ये कई सालों का कानूनी मर्ज हो जाता है। कोर्ट के चक्कर लगते हैं तारीखे मिलती है और इस बीच सरकारें भी बदल जाती हैं लेकिन मुकदमें चलते रहते हैं। ऐसा ही एक मुकदमा अभिषेक गर्ग पर वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था। ये मुकदमा आचार संहिता के उल्लंघन का था। अभिषेक गर्ग वर्ष 2019 में अपनी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में मंच पर भाषण दे रहे थे। इसी बीच वहां पर टीम आ गई और जब टीम ने जनसभा के आयोजकों से परमीशन लैटर दिखाने को कहा तो वो नहीं दिखा पाये। ये मामला कोटगांव क्षेत्र का है और यहां सिर्फ भाषण देने पर ही अभिषेक गर्ग के ऊपर मुकदमा लग गया। मुकदमा चल रहा था और कहानी में मोड तब आ गया जब शुक्रवार को अभिषेक गर्ग के नाम पर अदालत से नॉन बेलेवल वारेंट आ गया। वारेंट है तो रिकॉल भी हो जायेगा लेकिन सवाल ये है कि समाजवादी पार्टी अपने संघर्षवादी चेहरों को आखिर कब आगे लायेगी। सपा के ये चेहरे अपनी अनदेखी के बाद भी संघर्ष जारी रखते हैं। मुकदमें दर्ज होते हैं और ऐसे में यदि पार्टी से प्रोत्साहन मिले तो मनोबल बढ़ता है। वरना ये तो नेता हैं और राजनीति का वो चेहरा जो समाजवादी तेवरों के साथ हर मोर्चे पर लड़ता है।

### कोर्ट में हुए हाजिर और रखा अपना पक्ष

करंट क्राइम। अभिषेक गर्ग केवल एक पोलिटिक्ल नेता ही नहीं है बल्कि वो एक प्रतिष्ठित कारोबारी भी हैं और उनके परिवार का शहर में अपना एक रसूख है। वो एक प्रतिष्ठित प्रोफाईल के नेता माने जाते हैं। शुक्रवार को जब उनके खिलाफ जब कोर्ट से नॉन बेलेवल वारेंट जारी हुए तो अभिषेक गर्ग बिना देर किये माननीय न्यायालय के समक्ष हाजिर हुए उन्होंने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। जिस जनसभा में भाषण देने को लेकर ये मुकदमा दर्ज हुआ था वो सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी का क्षेत्र है। ये मुकदमा कोटगांव क्षेत्र में आयोजित जनसभा में भाषण देने पर दर्ज हुआ था।

## सांत्वना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता प्रदीप चौहान की धर्मपत्नी उर्मिला चौहान का निधन रविवार को लंबी बीमारी के कारण हो गया। शुक्रवार को उनके आवास पर शोक प्रकट करने के लिए स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और प्रदेश भाजपा मंत्री अमित वाल्मीकि पहुँचे. सभी ने शोकाकुल परिवार का ढाँढस बँधाया. पुण्य आत्मा की शांति की प्रार्थना की ।

## इसे कहते हैं कार्य को लेकर तत्पर अधिकारी

# इधर हुआ अलर्ट और उधर शुरू कर दी चुनाव की तैयारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। इसे एक तत्पर अधिकारी की कार्यकुशलता कहा जाएगा कि अधिसूचना अलर्ट जारी होते ही उन्होंने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में अधिकारियों ने चुनाव की तैयारी को प्रारंभ कर दिया है। देखने में आ रहा है कि चुनाव की घोषणा से पूर्व निगम अधिकारी बैठक कर रहे हैं तथा मतदान केंद्रो को तैयार करने के लिए कार्य शुरूआती चरण की तरफ है लोकसभा के चुनाव संपूर्ण होने तक निगम के सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने कार्यों संबंधित अलर्ट रहेंगे इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अधिकारियों की बैठक बुलाई तथा निर्देश जारी किए अवकाश दिवस में भी अपने कार्यों को पूर्ण करने के लिए भी कहा गया है।

### निगम में बुला ली लोकसभा चुनाव तैयारी की बैठक




करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए गाजियाबाद नगर निगम योजना बना रहा है जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी अधिकारियों की बैठक की गई जिसमें चुनाव संबंधित सभी कार्यवाही पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए बैठक में समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे शहर में चुनाव के दौरान होने वाले कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई, विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जोनल प्रभारी की ड्यूटी भी नगर आयुक्त द्वारा लगाई गई।

### बूथों को व्यवस्थित करने से लेकर बैरिकेडिंग की व्यवस्था को किया जाएगा सुदृढ़

करंट क्राइम। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि लोकसभा के चुनाव के लिए नगर आयुक्त महोदय द्वारा निगम अधिकारियों के साथ बैठक की गई जिसमें निर्माण विभाग को विशेष जिम्मेदारी देते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए जिसके अंतर्गत सभी बूथों को व्यवस्थित करने, बूथों पर रंगाई पुताई की व्यवस्था करने, तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कहा गया है इसी प्रकार प्रकाश विभाग को प्रकाश व्यवस्था करने तथा सफाई व्यवस्था को बहुत ही अधिक बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कहा गया है, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में किसी प्रकार की कमी ना रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए टीम को तैयार करते हुए मोटिवेट किया गया है, नगर आयुक्त द्वारा जोनल प्रभारी को चुनाव घोषणा के उपरांत सभी राजनीतिक विज्ञापन होर्डिंग हटाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

# राज नारायण शुक्ला बने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य

### गाजियाबाद के खाते में आई है पहली दर्जा प्राप्त मंत्री वाली ये उपलब्धि

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के राज नारायण शुक्ला को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का सदस्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम-2023 की धारा 4 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा गाजियाबाद के कविनगर में रहने वाले प्रोफेसर राज नारायण शुक्ला को सदस्य बनाया गया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। गौरतलब है कि पहली सरकार के कार्यकाल में भी राज नारायण शुक्ला को राज भाषा आयोग का सदस्य बनाय गया था। यह पद भी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का था और अब वह गाजियाबाद से पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सरकार ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का सदस्य बनाया है। राज नारायण शुक्ला एबीवीपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। अब उन्हें सरकार ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने राज नारायण शुक्ला को बधाई दी है। शुक्रवार को राज नारायण शुक्ला ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य के रूप में ज्वाईन कर लिया है। यह एक बेहद महत्वपूर्ण पद माना जाता है। इस टीम में 12 सदस्य होते हैं जिनमें 6 प्रोफेसर और 6 डायरेक्टर होते हैं। यह पद आयोग का होता है और दर्जा प्राप्त माना जाता है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा कराकोटी जी ने अपना जलवा दिखाया जोरदार? लेकर गये 20 लड़को को अपने साथ ले आये अवैध वाला खोखा उखाड़? सुना है जैसे ही पता चली पूर्व मैम्बर को ये बात उन्होंने खोखे वाले के पक्ष में कराकोटी जी से लगा दी अरदास? कहा ये है हमारा जानकार इसका खोखा लौटा दो करो थोड़ा सा विचार? सुना है कराकोटी जी ने इन शब्दों को इस कान से सुनकर उस कान से निकाल दिया यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मिस्टर रावत सुना रहे थे यूपी गेट पर किसान वाले भगवा कमिश्नर की बगावत वाली कहावत? कह रहे थे हमें समझ नहीं आ रहा किसान मोर्चा के कमांडर ने ना जाने क्या सोच-समझ कर बनाया है इस चेहरे को मंडल कमिश्नर बनाने का प्लान? जिस चेहरे ने हाथी पर बैठकर लड़ाया विपक्ष के चेहरे को चुनाव? आखिर क्यों हुए होने वाले इस शख्स पर मेहरबान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी पुरम वाले एरिया में कुछ रेट निकलकर आये हैं बाहर? अब ये रेट सरकारी हैं या फिर इसमें अपना टांका फिट करने का मामला है यार? सुना है एक मैम्बर ने पहुंचा दिये हैं सब्जी वालों तक प्रतिमाह तीन हजार और नॉनवेज वालों को पांच हजार के रेट? ये व्यवस्था सरकारी है या गैर सरकारी, इस मामले में मांगने वाले मांग रहे हैं अपडेट? जल्द ही यहां पर सामने आने वाला है दो मैम्बरों के बीच में छिड़ा हुआ क्लेश?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर अपने खास चेहरे के साथ ब्रिजा में बैठकर दिल्ली हुए सवार? सुना है इन दिनों नागर जी के मन में जीडीए वाला मैम्बर बनने के लिए प्रबल हो गये हैं विचार? पता चला है इन्होंने दिल्ली पहुंचकर ले लिया है एक बहुत ही बड़े चेहरे से आशीर्वाद? पता चला है लगभग पूरी हो चुकी है इनकी फरियाद? मगर इस बात पर अभी भी सस्पेंस है, वो कौन शख्स था जो ब्रिजा में बिठाकर ले गया था नागर जी को दिल्ली अपने साथ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या साईकिल वाले राहुल भैया के प्रिय पराशर जी को समाजवादी वाले अभी भी दे रहे हैं बैनिफिट ऑफ डाउट? पराशर जी आजकल भगवा भगवा से नजर आ रहे हैं, जनरली साहब के साथ भी हो रही है उनकी तस्वीरे आउट? क्या चौधरी साहब की वजह से हुसैन भईया और यादव जी ने धारण की हुई है खामोशी? क्यों नहीं कर रहे हैं ये क्लीयर कि हमने पराशर जी की कब से समाप्त कर दी है सपा वाली ताजपोशी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे यूपी गेट पर मौजूद? यहां पर भगवा कमांडर ने अपने चिरपरिचित अंदाज में उनका स्वागत किया जोरदार? मगर हमने देखा थोड़ी दूरी पर एक महानमंत्री खड़े थे उनके कुछ और ही थे विचार? वो दे रहे थे अपने साथियों में यही संदेश? आज जितनी भीड़ भगवा कमांडर के साथ है उससे ज्यादा हैं हमारे पास आज यहां पर फेस? सुना है महानमंत्री का ये संदेश पहुंचा दिया गया है कमांडर के पास? ये महानमंत्री कौन हैं इस बात को जानने का शुरू हो चुका है प्रयास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूपी गेट पर बेनिवाल जी वाले स्वागत में हमें दिखाई दी दूरियों वाली तस्वीर? हमने देखा पूरे मान से जिन भगवा बल्मिकी जी को दिया था एक वक्त किसी ने आउट ऑफ द वे जाकर बड़ा सम्मान? वो ऐसे शख्स से दूर खड़े होकर खिंचवा रहे थे अपनी तस्वीर? हम इस रवैये को देखकर हो रहे थे बहुत ज्यादा हैरान? सिस्टम उनके हाथ से क्या चला गया, पुराने हाथ में एहसास दिला दिया? अब पूरे मान से हमारे अंगने में नहीं है आपका काम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की इलैक्शन वर्किंग कमेटी के सिरमौर मिस्टर शर्मा, मिस्टर मास्टर को भी खिलाना चाहते हैं पारी? वो चाहते हैं कि मास्टर को भी मिलनी चाहिए इसमें कोई ना कोई जिम्मेदारी? सुना है कमांडर के पास गई थी इस नाम को लेकर फाईल? मगर इस फाईल को देखकर नहीं आई उनके चेहरे पर स्माईल? देखना अब ये है चुनाव संचालन वाले सिरमौर क्या करा पाते हैं मिस्टर मास्टर का मामला पास? क्योंकि आज नहीं तो कल शुरू होने वाले हैं चुनाव?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि किसान वाले कमांडर ने सुना है बदल दी है अपने किसान कमिश्नरों की टीम? इस कार्यवाही की जद में ककककक.... करन भी आ गये है यार? सुना है वो खुद को हटाये जाने से बहुत ज्यादा नाराज हैं? नाराजगी के उन्होंने अपने कार्यालय पर पहुंचकर प्रकट किये थे उद्गार? सुना है उनकी नाराजगी को मिल गई है तवज्जो? अब जरूर बनेगी उनकी कोई बात? किसान कमांडर ने भले ही उन्हें हटा दिया हो? मगर भगवा कमांडर जरूर रखेंगे उनको अपने साथ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि उन्होंने लिखा था जो क्रान्तिकारी उद्बोधन उसको दिल्ली जाकर बड़े नेता से कर दिया क्लीयर? कह दिया अपना सोशल मीडिया एकाउंट मैं नहीं चलाता हूं चलाता है कोई मेरा डीयर? उसी ने दिया है इन क्रान्तिकारी शब्दों को अंजाम? मैं तो शुरू से लेकर अंत तक आपका था, आपका हूं और आगे भी आपका ही रहूंगा श्रीमान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# किस विधायक ने तैयार कर ली लोकसभा टिकट पर अपनी भाषण वाली स्क्रिप्ट

## अगर टिकट हुआ रिपीट तो शब्द हो जाएंगे हार्ड, दूसरी अवस्था में सॉफ्ट वाला होगा अंदाज

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी की है और चुनाव लड़वाने वालों ने अपनी तैयारी की है। तैयारी के बीच टिकट का सस्पेंस जारी है। कोई 16 मार्च की तिथि बता रहा है तो कोई 18 मार्च वाली घोषणा बता रहा है और किसी ने स्पष्ट कहा कि अगर होला अष्टक वाला पेंच फंसा तो 25 के बाद ही घोषणा होगी। बहरहाल इन सबके बीच टिकट को लेकर संस्पेंस बना हुआ है और अब नजर इस बात पर ज्यादा है कि चेहरा कौन होगा। भगवागढ़ में टिकट को लेकर दो छोर हैं और एक छोर की तमन्ना है कि साहब रिपीट हों और दूसरे छोर की तमन्ना है कि इस बार कुछ डिफरेंट हो। यहां पर कई नामों की चर्चा चल रही है और संगठन के बड़े नामों का भी जिक्र आता है। टिकट स्टोरी में कभी ठाकुर फैक्टर आता है कभी वैश्य फैक्टर आता है। चुनाव लड़ने की क्या तैयारी है ये चुनाव लड़ने वाले जाने लेकिन भाजपा के एक स्मार्ट विधायक ने अभी से लोकसभा चुनाव की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। ये भाषण वाली स्क्रिप्ट है और सूत्र बताते हैं कि स्मार्ट विधायक ने स्मार्ट काम किया है। उन्होंने एडवांस में ही अपने भाषण वाली दो स्क्रिप्ट तैयार कर ली हैं। ये स्क्रिप्ट भी अलग-अलग मौके के हिसाब से बाहर आयेगी। एक ऑफेंसिव यानी आक्रामक है और दूसरी इमोशनल स्क्रिप्ट है। कहानी का ट्विस्ट ये है कि करंट क्राइम को ये स्क्रिप्ट पता है और ये भी पता है कि कौन से मौके पर कौन सी स्क्रिप्ट बाहर आयेगी। अगर टिकट रिपीट हो गया तो फिर आक्रामक वाली स्क्रिप्ट बाहर आयेगी और टिकट में कुछ तब्दील हो गया तो फिर इमोशनल वाली स्क्रिप्ट बाहर आ जायेगी। अलग-अलग मंचों पर विधायक जी अपनी इस जज्बाती स्क्रिप्ट को पढ़ेंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि दोनों ही भाषण वाली स्क्रिप्ट में शब्दों का संतुलन साधा गया है। विधायक जी के पास दोनों स्क्रिप्ट मौजूद हैं। वो खुद कई बार अपनी ही स्क्रिप्ट को पढ़ चुके हैं। उसे करैक्ट कर चुके हैं और मौके के हिसाब से स्क्रिप्ट का चौका लगेगा।




**कोई 16 मार्च की तिथि बता रहा है तो कोई 18 मार्च वाली घोषणा बता रहा है और किसी ने स्पष्ट कहा कि अगर होला अष्टक वाला पेंच फंसा तो 25 के बाद ही घोषणा होगी। बहरहाल इन सबके बीच टिकट को लेकर संस्पेंस बना हुआ है और अब नजर इस बात पर ज्यादा है कि चेहरा कौन होगा।**

## संपादकीय

# कांग्रेस की गारंटी

सत्ता के लिए संघर्षरत किसी भी पार्टी के लिए कुछ ऐसी घोषणाएं जरूरी होती हैं, जिनसे मतदाताओं को लुभाया जा सके। इसी कड़ी में कांग्रेस की बड़ी चुनावी कवायद ह्यनारी न्याय गारंटीह्व को देखा जाना चाहिए। सत्ता के लिए संघर्षरत किसी भी पार्टी के लिए कुछ ऐसी घोषणाएं जरूरी होती हैं, जिनसे मतदाताओं को लुभाया जा सके। इसी कड़ी में कांग्रेस की बड़ी चुनावी कवायद ह्यनारी न्याय गारंटी को देखा जाना चाहिए। इसके तहत कांग्रेस सत्ता में आने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की वित्तीय मदद देगी। जाहिर है, ऐसी कोई योजना अभी किसी पार्टी के पास नहीं है, तो इसकी चर्चा जरूर होगी। आधी आबादी पूरा हक के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार की आधी भर्तियों पर महिलाओं का हक सुनिश्चित करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक स्वाभाविक उत्साह के साथ यह बताया है कि शक्ति का सम्मान के तहत आंगनबाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना कर दिया जाएगा। अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हरेक पंचायत में एक न्याय मित्र या पैरा-लीगल पेशेवर को नियुक्त किया जाएगा। पहली नजर में यह भी सामाजिक रूप से एक उपयोगी योजना नजर आती है। पांचवीं गारंटी के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास बनाने की बात कही गई है। महिला केंद्रित इन पांच गारंटी की सामाजिक चर्चा सुनिश्चित है, किंतु चुनावी रूप से इसका कितना असर होगा, कहना मुश्किल है। महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश से पहले कांग्रेस युवाओं के लिए भी पांच बड़ी घोषणाएं कर चुकी है। पहली नौकरी पक्की योजना के तहत युवाओं को स्नातक होते ही एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा 30 लाख रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का भी वादा कांग्रेस ने किया है, जिसमें परीक्षा की तारीख से लेकर नियुक्ति तक की स्पष्ट समय-सीमा होगी। वाकई देश में कई कारणों से अनेक बड़ी भर्तियों में जरूरत से ज्यादा समय लग रहा है और इसका चुनावी लाभ कांग्रेस उठाना चाहती है, तो आश्चर्य नहीं। पार्टी ने पेपर लीक से मुक्ति का कानून बनाने का भी वादा किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आने पर रोजगार क्रांति का वादा कर रही है, तो यह नौजवान वोटरों की नब्ज पर हाथ रखने की कोशिश ही है। दूसरी पार्टियों के घोषणापत्र में भी रोजगार का मुद्दा खास रहने वाला है।

कांग्रेस की घोषणाओं का अपना महत्व है, लेकिन यही घोषणाएं अगर मजबूत विपक्षी ह्यइंडिया ब्लॉकह्व के मंच से होतीं, तो क्या इससे ज्यादा लाभ की संभावना नहीं होती? गठबंधन की मुश्किल राह पर क्या कांग्रेस की इन घोषणाओं का सकारात्मक फायदा होने वाला है? क्या कांग्रेस के पास इतने कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी की इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें? यह बात छिपी नहीं है कि जन-धन योजना हो या उज्ज्वला योजना या स्वच्छता या आवास संबंधी योजनाएं, ऐसी तमाम योजनाओं ने भाजपा की बुनियाद को मजबूत किया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि इन तमाम योजनाओं से सीधे महिलाओं को लाभ हुआ है और भाजपा की जीत में महिलाओं के योगदान से कौन इनकार कर सकता है? तमिलनाडु की सरकार हो या दिल्ली की सरकार, महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की सबकी कोशिशें स्वाभाविक हैं। महिला मतदाताओं को रिझाने और अपने पाले में उनके वोट लाने के लिए अब ज्यादा समय नहीं है।

# 'वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारतीय बाजार स्थिर'

## क्रिप्टो करेंसी को लेकर बोलीं वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के बाद आया है, जिसमें बुच ने आशंका जाहिर की थी कि छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक में कुछ हेराफेरी हो सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भारतीय शेयर बाजार स्थिर बना हुआ है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा कि बाजार को उसके हिसाब से चलने देना चाहिए। वित्त मंत्री का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के बाद आया है, जिसमें बुच ने आशंका जाहिर की थी कि छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक में कुछ हेराफेरी हो सकती है और सेबी इसकी जांच कर रही है।

### शेयर मार्केट को लेकर वित्त मंत्री ने कही ये बात

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'मैं बाजार को उसके हिसाब से चलने की छूट दूंगी। हमें इसे मार्केट पर ही छोड़ देना चाहिए। हम सभी देख रहे हैं कि वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल चल रही है, लेकिन इसके बावजूद भारतीय बाजार स्थिर दिख रहा है।

इसमें बहुत ज्यादा उठा-पटक नहीं हो रही है। इसलिए मेरा बाजार पर पूरा विश्वास है।' वित्त मंत्री ने कहा कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव आम बात है और मार्केट में ये सब चलता रहता है। उन्होंने कहा कि रिटेल निवेशकों का पैसा अब सीधे स्टॉक मार्केट में जा रहा है, लोग डीमैट अकाउंट खुलवाकर सीधे मार्केट में पैसे लगा रहे हैं। साल 2020 से इस ट्रेंड में तेजी आई है।

### क्रिप्टो को करेंसी मानने से इनकार

क्रिप्टो करेंसी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 'क्रिप्टो कभी भी करेंसी नहीं बन सकती और भारत सरकार का यही स्टैंड है। करेंसी सरकार या केंद्रीय बैंक द्वारा ही जारी की जाती है।' उन्होंने क्रिप्टो करेंसी को लेकर वैश्विक स्तर पर एक फ्रेमवर्क बनाने की मांग की और कहा कि जी20 की बैठक के दौरान भी इस पर चर्चा हुई थी।

इस हफ्ते की शुरूआत में भी सेबी ने इस बात की आशंका जताई थी कि शेयर मार्केट में छोटे और मध्यम वर्ग के स्टॉक की कीमतों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है, जिससे बाजार में एक तरह की भ्रम की स्थिति बनी हुई है। सेबी ने निवेशकों को सोच-विचार करके ही निवेश करने की सलाह दी।

# क्विक सप्लाई तीसरी सबसे बड़ी चुनावी बॉण्ड खरीदार, रिलायंस से संबंध का दावा

सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार क्विक सप्लाई गोदामों और भंडारण इकाइयों का निर्माण करता है। इस गैर-सूचीबद्ध निजी कंपनी का नौ नवंबर 2000 को 130.99 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ निबंधन कराया गया था। क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को दान करने वाली तीसरी सबसे बड़ी दानकर्ता है। क्विक सप्लाई नवी मुंबई के धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) के पंजीकृत पते वाली कंपनी है। दावा किया जा रहा है कि यह रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी है पर इस कंपनी का नाम अब तक कम ही लोगों ने सुना है

कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच 410 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे। हालांकि, रिलायंस ने कहा है कि यह कंपनी रिलायंस की किसी भी इकाई की सब्सिडियरी कंपनी नहीं है। चुनाव आयोग की ओर से अपनी वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार, क्विक सप्लाई के अलावे एक अन्य कम प्रसिद्ध लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने 1,368 करोड़ रुपये और हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा



ने 966 करोड़ रुपये राजनीतिक पार्टियों को दिए हैं। सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार क्विक सप्लाई गोदामों और भंडारण इकाइयों का निर्माण करता है। इस गैर-सूचीबद्ध निजी कंपनी का नौ नवंबर 2000 को 130.99 करोड़ रुपये की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ निबंधन कराया गया था। इसकी चुकता पूंजी 129.99 करोड़ रुपये है। अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 में कंपनी का राजस्व 500 करोड़ रुपये से अधिक था। हालांकि कंपनी के मुनाफे का आंकड़ा ज्ञात नहीं है।

# ओसीएल के शेयरों में 5% का अपर सर्किट लगा




**नई दिल्ली।** के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन लिमिटेड के शेयर पांच प्रतिशत की अपर सर्किट के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई पर कंपनी के शेयरों में 370.9 रुपये के भाव पर जबकि एनएसई पर 370.7 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा। पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन लिमिटेड के शेयरों में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन मजबूती दिखी। पेटीएम को एनपीसीआई ने गुरुवार को थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के रूप में सेवाएं देने की मंजूरी दी थी। इसके बाद शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में पांच प्रतिशत तक की मजबूती दिखी। आरबीआई की ओर से पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के परिचालन पर रोक के बाद पेटीएम टीपीएसी का दर्जा प्राप्त होने से अपनी वर्तमान सेवाएं देना जारी रख सकेगा। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन लिमिटेड के शेयर पांच प्रतिशत की अपर सर्किट के साथ कारोबार करते दिखे। बीएसई पर कंपनी के शेयरों में 370.9 रुपये के भाव पर जबकि एनएसई पर 370.7 रुपये के भाव पर कारोबार करता दिखा।

# 2030 तक जीडीपी में एक लाख करोड़ डॉलर जोड़ेंगी यूनिकॉर्न कंपनियां, देंगी 5 करोड़ रोजगार



**नई दिल्ली।** सीआईआई के अध्यक्ष आर दिनेश ने कहा, स्टार्टअप तंत्र नवाचार, जुझारू क्षमता व परिवर्तनकारी विचारों के धागों से बुना एक जीवंत चित्र है। यह रिपोर्ट मैकिंजी एंड कंपनी के सहयोग से तैयार की गई है। नई यूनिकॉर्न कंपनियां 2030 तक भारतीय जीडीपी में एक लाख करोड़ डॉलर जोड़ेंगी। साथ ही, पांच करोड़ रोजगार के नए अवसर भी मुहैया कराएंगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, 2029-30 तक अर्थव्यवस्था के 7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने और उसमें यूनिकॉर्न कंपनियों का योगदान एक लाख करोड़ डॉलर होने की कल्पना की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा, ई-कॉमर्स, अगली पीढ़ी की वित्तीय सेवाएं, विनिर्माण और सॉफ्टवेयर सेवा एवं डिजिटल जैसे क्षेत्र आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर वृद्धि को गति देने के लिए तैयार हैं। सीआईआई के अध्यक्ष आर दिनेश ने कहा, स्टार्टअप तंत्र नवाचार, जुझारू क्षमता व परिवर्तनकारी विचारों के धागों से बुना एक जीवंत चित्र है। यह रिपोर्ट मैकिंजी एंड कंपनी के सहयोग से तैयार की गई है।

**100 यूनिकॉन एक उल्लेखनीय उपलब्धि :** देश में पहली बार किसी प्रौद्योगिकी आधारित कंपनी को यूनिकॉर्न का दर्जा 2011 में मिला था। एक दशक में ही भारत ने 100 यूनिकॉर्न का आंकड़ा पार कर लिया है। जनवरी, 2024 तक मौजूद 113 यूनिकॉर्न कंपनियों का संयुक्त मूल्यांकन 350 अरब डॉलर है। सीआईआई ने कहा, 100 से अधिक यूनिकॉर्न का उदय एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## देश में घरेलू हवाई यातायात का प्रतिशत बढ़ा, सामने आए आधिकारिक आंकड़े



**नई दिल्ली।** डीजीसीए यानी नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा घरेलू हवाई यातायात को लेकर आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में घरेलू हवाई यातायात सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़कर 126.48 लाख हो गया। जबकि इसी अवधि के दौरान उड़ान में देरी से 1.55 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। फरवरी में, एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत से बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 60.2 प्रतिशत से मामूली गिरावट के साथ 60.1 प्रतिशत हो गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि फरवरी में घरेलू हवाई यातायात बढ़कर 126.48 लाख हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 120.69 लाख था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मैं तुम्हारा दर्द समझ सकता हूं...
ऐसा बोलने वालों को भी...
छोटा-मोटा डॉक्टर माना जाना चाहिए...!

---

अगर बिना न्यौता के शादी में जाओ...
तो खाने के स्टॉल के आसपास का...
हर आदमी घर का मालिक ही लगता है...!

---

पप्पू - पति क्या होता है...?
गप्पू - पति वह प्राणी है, जो भूत प्रेत से बेशक न डरे मगर पत्नी की चार मिस्ड कॉल खौफ पैदा करने के लिए काफी है...!

---

मां ने सुरेश को डांटते हुए कहा -
सुरेश, तुम बेहद शरारती हो। देखने में भी बंदर लगते हो...!
सुरेश बोला - लेकिन मां,
पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि
तुम बिलकुल अपने पापा की तरह लगते हो...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- हर साल धरती पर तकरीबन 1 लाख भूकंप आते है।
- 2000 किलोमीटर लंबा द ग्रेट बैरियर रीफ धरती पर रहने का सबसे बड़ा स्थान है।
- न्यूट्रॉन तारे की थोड़ी सी मात्रा भी 100 लाख टन के बराबर है।
- उल्कापिंड के पड़ने से इंसानो के मरने का खतरा हर 9300 सालो में एक बार होता है।
- छोटी नाक वाले चूहे का गर्भकाल 12 दिनों का होता है।
- अफ्रीकन हाथी का गर्भकाल 22 महीनों का होता है।
- ब्रह्माण्ड में तकरीबन 100 अरब गैलेक्सी का समावेश है।
- रबर का एक अणु 65000 एकल परमाणु से बनाया जाता है।
- क्वेजार तारे के निकलने की ऊर्जा 100 विशाल गैलेक्सी सभी ज्यादा होती है।
- यदि सूरज बीच बॉल के आकार जितना हो तो बृहस्पति गोल्फ बॉल के आकार जितना होगा और पृथ्वी एक मधुमक्खी जितनी छोटी होगी।
- टीवी से निकलने वाली विकिरण किरणे माह विस्फोट के समय निकलने वाली किरणों समान होती है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पिलखुवा पेयजल पुनर्गठन योजना के अंतर्गत 48.04 करोड़ रुपये की लागत से जनरल वीके सिंह ने किया कार्य का शुभआरंभ








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन जनरल डॉ वीके सिंह ने गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र को धौलाना विधानसभा में आर्या नगर में आयोजित अमृत 2.0 के तहत पिलखुवा पेयजल पुनर्गठन योजना के अंतर्गत 48.04 करोड़ रुपये की लागत के साथ कार्य का शुभारंभ किया गया।

7 जोन में विभाजनः शहर को 7 जोनों में विभाजित किया गया है, जिससे बेहतर प्रबंधन और वितरण सुनिश्चित होगा। नए नलकूपः 5 नए नलकूपों का निर्माण होगा, जो शहर की बढ़ती आबादी की पानी की जरूरतों को पूरा करेगा। नए ओवरहेड टैंकः 2 नए ओवरहेड टैंक (1200 किलोलीटर और 700 किलोलीटर) का निर्माण होगा, जो पानी की आपूर्ति में सुधार करेगा।

वितरण प्रणालीः 88.45 किलोमीटर लंबी नई वितरण प्रणाली बिछाई जाएगी, जो रिसाव को कम करेगी और पानी की गुणवत्ता में सुधार करेगी।

नए पेयजल कनेक्शनः 14709 नए पेयजल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। मरम्मत कार्यः 5 पुराने ओवरहेड टैंकों और 6 पुराने पंप हाउसों की मरम्मत की जाएगी, जो पानी की आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करेगा। स्काडा प्रणालीः स्काडा प्रणाली स्थापित की जाएगी, जो पानी की आपूर्ति की निगरानी और नियंत्रण में मदद करेगा। बाउंड्री वालः सभी जल संयंत्रों के चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण होगा, जो सुरक्षा को बढ़ाएगा। योजना के लाभः योजना के पूर्ण होने के पश्चात नगर पालिका परिषद् पिलखुवा की शत प्रतिशत जनसँख्या शुद्ध पेयजल से लाभान्वित होगी।

## आईपीएल में डेब्यू कर धमाल मचा सकते हैं ये खिलाड़ी

**मुंबई।** आईपीएल की बोली में हैरान कर देने वाली राशि पाने वाले कुछ खिलाड़ियों पर सभी की निगाह रहेंगी। इनमें गुजरात टाइटंस की ओर से 10 करोड़ में लिए गए ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉन्सन के अलावा 8.4 करोड़ में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से लिए गए समीर रिजवी, 7.2 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से लिए कुमार कुशाग्र, पांच करोड़ में मुंबई इंडियंस की ओर से लिए गए दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी, 4.8 करोड़ रुपये में मुंबई की ओर से लिए गए श्रीलंकाई तेज गेंदबाज नुवान थुसारा पर विशेष निगाहें होंगी। यही नहीं भारतीय मूल के न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र (1.8 करोड़, सीएसके) और 50 लाख में गुजरात की ओर से लिए गए अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई भी अपने प्रदर्शन से आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं।

## पार्षद सतेंदर चौधरी ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी सेक्टर 11 के 200 और 400 ब्लॉक में सड़क निर्माण का कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्र के लोग पार्षद सत्येंद्र चौधरी का आभार व्यक्त किया।और कहा उन्होंने यह 10 वर्षों से सड़क टूटी हुई थी। जिसकी कई बार नगर निगम को भी शिकायत की थी, क्षेत्र पार्षद ने इस समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए। शुक्रवार को सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए सड़क निर्माण कार्य का हर एक सेक्टर में कार्य चल रहा है। जो वर्षों से बदल सड़क है, उसे बनवाया जा रहा है। नगर आयुक्त व महापौर का पार्षद ने धन्यवाद किया। और कहा क्षेत्र के विकास के लिए सभी अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है।

## गाजियाबाद की जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद की जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क, विज्ञान वाटिका, गाजियाबाद में किया गया। जनपद के सभी चारों ब्लॉकों और नगर क्षेत्र से ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज में चयनित 20-20 बच्चों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में जीआईसी नंदग्राम से पूनम नेगी, डायट प्रवक्ता सुधीर जायसवाल, क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद शर्मा तथा शरद ने सभी मॉडल का गहन अवलोकन करते हुए प्रतिभागी छात्रों से प्रश्न पूछे।

चारों निर्णाय द्वारा श्रेष्ठ मॉडल का चयन किया गया प्रथम 10 स्थान पर आए बच्चों को नगद धनराशि, स्टेशनरी किट, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को भी स्टेशनरी किट और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जनपद गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल रहे।

उन्होंने सभी मॉडल का अवलोकन भी किया और अपने संबोधन में बच्चों को इमेजिनेशन करने, अवलोकन करने, क्यों को जीवित रखने और जिज्ञासा का समाधान ढूंढने का गुरु मंत्र दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने सभी शिक्षकों और छात्रों का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और जनपद को आगे ले जाने के लिए सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सूत्रधार डीसी प्रशिक्षक प्रशिक्षण अरविंद शर्मा ने बताया की प्रथम पुरस्कार 10000 रु , दूसरा पुरस्कार 7500 रु, तीसरा पुरस्कार 5000रु और अन्य 10 चयनितो को ढाई हजार रुपए की धनराशि दी जाएगी। प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्र राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग भी करेंगे। कार्यक्रम में डीपीओ शशि वार्ष्णेय, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, जमुना प्रसाद, डीसी रुचि त्यागी, कुणाल मुद्गल अरविंद शर्मा, एसआरजी देवांकुर, पूनम शर्मा, विनिता त्यागी तथा सभी एआरपी उपास्थित रहे। मंच संचालन एसआरजी देवांकुर और पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

## 'बुमराह-हार्दिक को रिलीज करना चाहता था मुंबई', पूर्व क्रिकेटर बोले- रोहित ने बचाया था दोनों का करियर




**मुंबई।** आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम एक नए कप्तान के अंदर खेलती दिखेगी। 2013 के बाद पहली बार रोहित शर्मा इस लीग में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते नहीं दिखेंगे। इस साल टीम की कप्तानी हार्दिक पांड्या को सौंपी गई है। हिटमैन को कप्तानी से हटाने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने मुंबई टीम मैनेजमेंट और फ्रेंचाइजी की जमकर आलोचना की थी। रोहित ने टीम को पांच खिताब दिलाए, लेकिन नए कोच मार्क बाउचर ने टीम में बदलाव की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वह रोहित को खुलकर बल्लेबाजी करने देना चाहते हैं। ऐसे में उन पर से जिम्मेदारियों को हटाना जरूरी था। इसके लिए हार्दिक को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया गया। हार्दिक को 2022 आईपीएल से पहले रिलीज कर दिया गया था, अब वह फिर से टीम में वापसी कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और मुंबई इंडियंस के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टीम के साथ अपने समय के दौरान मुंबई इंडियंस के कैंप की एक दिलचस्प घटना साझा की। उन्होंने कहा, 'रोहित हमेशा अपने खिलाड़ियों के साथ खड़े रहते हैं और इसका सबसे बड़ा उदाहरण जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या हैं। बुमराह 2014 में पहली बार मुंबई इंडियंस से जुड़े थे, लेकिन जब उन्होंने 2015 में अपना पहला सीजन खेला, तो उनके लिए सीजन कुछ खास नहीं रहा था। उन्हें सीजन के बीच में रिलीज किया जाना था, लेकिन रोहित को लगा कि यह खिलाड़ी आने वाले समय में चमकने वाला है और उन्होंने मैनेजमेंट से उन्हें बरकरार रखने की अपील की थी। अब आपने देखा कि कैसे 2016 से बुमराह का प्रदर्शन अगले स्तर पर पहुंच गया। पार्थिव ने कहा- ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ भी है। जब वह 2015 में टीम में शामिल हुए, तो वह काफी शानदार रहे थे। हालांकि, 2016 में उनका सीजन खराब रहा। बात यह है कि जब आप एक अनकैप्ड खिलाड़ी होते हैं, तो फ्रेंचाइजी आपको जल्दी से रिलीज करती है और फिर आकलन करती है कि कोई खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी या अन्य घरेलू मैचों में कैसा प्रदर्शन कर रहा है। इसके बाद ही उन्हें टीम में वापस लिया जाता है। हालांकि, रोहित ने ऐसा नहीं होने दिया। यही कारण है कि ये लोग बड़े खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहा हूं तो मैं जोस बटलर के बारे में बात कर सकता हूं। 2017 सीजन में रोहित शर्मा को लगा कि वह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में अधिक योगदान दे सकते हैं। इसलिए रोहित ने खुद को डिमोट किया और मैंने जो बटलर के साथ ओपनिंग की।' मुंबई की टीम अपने अभियान की शुरूआत 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। यह मैच दिलचस्प रहने वाला है, क्योंकि हार्दिक उस टीम के खिलाफ उतरेंगे, जिसे उन्होंने पिछले दो सीजन में बनाया है।

## दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका, ब्रूक के बाद एनगिडी भी हुए बाहर, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर की हुई एंट्री




**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी भी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। उन्हें पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स ने साइन किया था। हालांकि, शुक्रवार को चोट के कारण वह आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए। कैपिटल्स ने एनगिडी की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को शामिल किया है। मेलबर्न का 21 वर्षीय यह ऑलराउंडर शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के अलावा लेग स्पिन भी करता है। मैकगर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में डेब्यू किया था। वह 50 लाख रुपये के रिजर्व प्राइस पर डीसी में शामिल हो गए हैं। एनगिडी को भी दिल्ली ने 50 लाख रुपये में ही साइन किया था। एनगिडी इस साल की शुरूआत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे से ही टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने अब तक आईपीएल में 14 मैच खेले हैं और 25 विकेट लिए हैं। 10 रन देकर चार विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। वह इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा रह चुके हैं। वहीं, जेक फ्रेजर ने आईपीएल तो नहीं खेला है, लेकिन उन्हें 37 टी20 खेलने का अनुभव है। इसमें वह 133.54 के स्ट्राइक रेट से 645 रन बना चुके हैं। इनमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। टी20 में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला है। फ्रेजर दिल्ली के लिए स्पिन ट्रैक पर मददगार साबित हो सकते हैं। इससे पहले दिल्ली को तब बड़ा झटका लगा था, जब स्टार इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। वह हाल ही में इंग्लैंड के भारत दौरे पर आने के बाद वापस घर लौट गए थे। उनकी दादी का निधन हो गया था और वह अपने परिवार के साथ रहना चाहते हैं। कैपिटल्स ने अभी तक ब्रूक के रिप्लेसमेंट के नाम का एलान नहीं किया है।

## गेंदबाजी के दौरान टीमों को रहना होगा सावधान! टी20 विश्व कप से पहले आईसीसी ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 का आगाज जून में होगा। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने जा रहे इस टूनार्मेंट से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बड़ा फैसला लेते हुए स्टॉप क्लॉक नियम को स्थायी रूप से लागू करने का फैसला लिया है। दिसंबर, 2023 में आईसीसी ने इस नियम को ट्रॉयल के तौर पर लागू किया था, जिसमें गेंदबाजी करने वाली टीम को एक ओवर खत्म होने के बाद दूसरा ओवर तय समय में शुरू करना होता था। ऐसा नहीं करने वाले नियम के तहत फील्डिंग करने वाली टीम पर पेनाल्टी लगाई जाती थी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी का यह नियम अब सिर्फ टी20 में ही नहीं बल्कि वनडे में भी लागू होगा। 60 सेकेंड में नहीं फेंकी गेंद तो लगेगी पांच रन की पेनाल्टी

आईसीसी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, स्टॉप क्लॉक नियम के तहत गेंदबाजी के दौरान टीमों को अगला ओवर फेंकने के लिए समय का खास ख्याल रखना होगा।

गेंदबाजी करने वाली टीम को अगला ओवर शुरू करने के लिए सिर्फ 60 सेकेंड का समय मिलेगा, जिसमें उन्हें पहली गेंद फेंकनी होगी। एक ओवर खत्म होत ही थर्ड अंपायर स्टॉप वॉच ऑन कर देगा। फील्डिंग टीम अगर एक मिनट के भीतर अगले ओवर की पहली गेंद फेंकने में कामयाब होती है तो उसे सिर्फ दो बार अंपायर की चेतावनी का सामना करना पड़ेगा। वहीं, इससे चूकने पर टीम को आईसीसी की सख्ती का सामना करना पड़ेगा। टीम पर 5 रन पेनाल्टी के रूप में लगाए जाएंगे। इस नियम को लागू करने का फैसला अंपायर्स का होगा जिसमें वह इस पर भी नजर रखेंगे कि कहीं बल्लेबाजों की वजह से तो ओवर शुरू करने में तो देर नहीं हो रही।

## 'नींद से जगो...', पाकिस्तानी फैंस की मांग- आरसीबी में कोहली के साथ खेलें बाबर




**मुंबई।** आईपीएल 2024 शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, विदेशों में भी इस लीग को लेकर काफी दिलचस्पी है। पाकिस्तान में भी फैंस इस लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तानी फैंस बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे अपने शीर्ष खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलते देखने का सपना देख रहे हैं। पाकिस्तानी क्रिकेटरों को आईपीएल में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, लेकिन कुछ फैंस को उम्मीद है कि भविष्य में इसमें बदलाव देखने को मिल सकता है, जिससे सीमा पार के खिलाड़ियों को आईपीएल में भी खेलने की अनुमति मिलेगी। हालांकि शुक्रवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने एक फैन का ऐसा ही सपना चकनाचूर कर दिया। एक पाकिस्तानी फैन ने एक ट्वीट में लिखा कि वह बाबर आजम और विराट कोहली को आरसीबी के लिए खेलते हुए देखना चाहता है। वहीं, वह चाहता है कि शाहीन अफरीदी और जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस में साथ खेलें और मोहम्मद रिजवान-एमएस धोनी चेन्नई सुपर किंग्स में एक साथ खेलें। उसने ट्वीट में लिखा, 'कई भारतीय और पाकिस्तानी क्रिकेट फैंस का यही सपना है।' इसके जवाब में हरभजन सिंह ने लिखा, 'कोई भारतीय ऐसा सपना नहीं देखता। आप लोग कृपया सपने देखना बंद करो, अब जाग जाओ। आईपीएल के 17वें सीजन की बात करें तो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने विराट कोहली के बिना टूनार्मेंट से पहले ट्रेनिंग कैंप शुरू कर दी है। आरसीबी का पहला मैच 22 मार्च को मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चेपॉक में है। अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और टीम डायरेक्टर मो बोबट के मार्गदर्शन में शिविर में शामिल हुए। कप्तान फाफ डुप्लेसिस वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ के साथ ट्रेनिंग कैंप में मौजूद रहे। आईपीएल टीमों की स्थिति पर नजर रख रहे बीसीसीआई सूत्रों ने पीटीआई से कहा- कोहली के अगले कुछ दिनों में टीम से जुड़ने की उम्मीद है।

## द्रविड़-रोहित ने नहीं, बल्कि इस दिग्गज ने ध्रुव जुरेल के डेब्यू की कहानी लिखी, रिपोर्ट में बड़ा खुलासा




**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टेस्ट सीरीज ने टीम मैनेजमेंट को अगली पीढ़ी के कुछ सितारों को आजमाने का मौका दिया। सरफराज खान, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, आकाश दीप और ध्रुव जुरेल ने इस सीरीज से अपने करियर की शुरूआत की। ऐसा कहा जा रहा था कि यह कॉल पूरी तरह से कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा का था कि किन्हें डेब्यू कराया जाए और किन्हें नहीं। हालांकि, अब पता चला है कि इनमें से कुछ डेब्यू मुख्य कोच द्रविड़ या कप्तान रोहित के कहने पर नहीं आए थे। उनकी जगह मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने टीम प्रबंधन पर दबाव डाला कि वह इनमें से कुछ खिलाड़ियों का चयन करें। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगरकर ने ही द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा को विकेटकीपर के स्थान के लिए ध्रुव जुरेल का नाम सुझाया था। भारतीय टीम ने पहले दो मैचों के लिए केएस भरत को मौका दिया था, लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज ज्यादा प्रभावित करने में कामयाब नहीं हुआ था। वहीं, ध्रुव ने टीम में आते ही एक कीपर और बल्लेबाज दोनों के रूप में एक प्रभावशाली छाप छोड़ी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'अगरकर ने ही जुरेल का नाम सुझाया था। टीम प्रबंधन उसे लेकर ज्यादा आश्वस्त नहीं था क्योंकि वह अब भी युवा खिलाड़ी है।

एक ऐसे खिलाड़ी को जिसने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो और उसे सीरीज के अहम मुकाबले में मौका दे देना टीम मैनेजमेंट के लिए बड़ा कॉल होने वाला था। हालांकि, अगरकर ने इस खिलाड़ी को कई बार देखा था तो उन्होंने रिस्क लेने का फैसला लिया।' इससे पहले, धर्मशाला टेस्ट के खत्म होने के बाद द्रविड़ ने खुद खुलासा किया था कि अगरकर ही थे जिन्होंने उन्हें और रोहित को टीम में कुछ अनकैप्ड खिलाड़ियों को चुनने के लिए प्रेरित किया था। द्रविड़ ने कहा था- अजीत और उनकी टीम को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। बहुत सारे युवा जो आते हैं, कोच और कप्तान के रूप में हमें वास्तव में उनमें से बहुत को देखने को नहीं मिलता है। हम उतना घरेलू क्रिकेट नहीं देखते जितना अजीत और उनकी चयनकताओं की टीम देखती है। उन्होंने हमें कहा कि इन्हें शामिल करो। उन्होंने हमें इनमें से कुछ युवाओं को चुनने की चुनौती दी है और वे अब यहां आकर प्रदर्शन कर रहे हैं। चयनकर्ता होना आसान नहीं होता। आपको हमेशा आलोचना मिलती है, लेकिन अजीत और उनकी टीम की पीठ थपथपाई जानी चाहिए।

## 'बीसीसीआई को धमकाना चाहिए, क्या हार्दिक चांद से आए हैं?' पूर्व क्रिकेटर ने एमआई के कप्तान पर साधा निशाना




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर निशाना साधा है और सभी खिलाड़ियों के लिए नियमों में समानता की मांग की है। फरवरी में केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा करते हुए देश के शीर्ष क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया था कि जो खिलाड़ी फिट हैं और राष्ट्रीय ड्यूटी पर नहीं हैं, उन्हें अपनी संबंधित घरेलू टीमों के लिए उपलब्ध होने की आवश्यकता है। इसके बाद इस आदेश को न मानने वाले ईशान किशन और श्रेयस अय्यर पर गाज गिरी थी और उन्हें केंद्रीय अनुबंध से निकाल दिया गया था। वे भारतीय टीम से दूर होने के बावजूद अपनी संबंधित घरेलू टीमों के लिए नहीं खेले थे। अय्यर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल और फाइनल में जरूर मुंबई के लिए खेले थे, लेकिन दोनों मैच बीसीसीआई अनुबंध सूची से उनके बाहर होने के बाद ही हुए। दूसरी ओर किशन टूनार्मेंट में झारखंड के लिए एक भी मैच नहीं खेले। एक और खिलाड़ी जो आलोचनाओं के दायरे में रहा, वह हैं हार्दिक पांड्या।

इस ऑलराउंडर को केंद्रीय अनुबंध में 'ए' कैटेगरी में बरकरार रखा गया है, लेकिन कई लोगों ने राष्ट्रीय टीम से उनकी अनुपलब्धता पर सवाल खड़े किए थे और केंद्रीय अनुबंध सूची में भी शामिल करने पर सवाल उठाए थे। अब इस मामले पर पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार का भी बयान सामने आया है। प्रवीण ने कहा, 'हार्दिक पांड्या चांद से थोड़ी उतार के आया है? खेलना पड़ेगा उसको भी। क्यों उनके लिए अलग नियम हैं? उसको भी बोर्ड को धमकाना चाहिए।' टखने की चोट के कारण क्रिकेट विश्व कप 2023 से बाहर होने के बाद से हार्दिक अंतरराष्ट्रीय सर्किट से बाहर हैं। वह हाल ही में ठीक हुए और इंडियन प्रीमियर लीग की अगुआई में डीवाई पाटिल टी20 कप में खेले। प्रवीण ने कहा, 'आप सिर्फ घरेलू टी20 टूनार्मेंट में ही क्यों खेलते हो? तीनों फॉर्मेट खेलें। या आपने 60-70 टेस्ट मैच खेले हैं कि आप सिर्फ टी20 खेलेंगे। देश को आपकी जरूरत है। अगर आप टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो लिखकर दें। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'शायद पंड्या को सूचित किया गया हो कि उन्हें टेस्ट टीम में नहीं चुना जाएगा। मेरे पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।' हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। वह रोहित शर्मा की जगह इस भूमिका में होंगे। पिछले साल नवंबर में, पांड्या गुजरात टाइटंस से अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी में वापस चले गए थे। स्टार ऑलराउंडर ने जीटी के साथ दो महत्वपूर्ण साल बिताए। 2022 में जीटी के डेब्यू सीजन में, हार्दिक ने उन्हें एक शानदार शुरूआत दिलाई, जिसमें टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाई थी।

# डबल इंजन की सरकार कर रही है युवाओं के सपने साकार: नरेंद्र कश्यप

## लोनी में आयोजित किया गया सामाजिक युवा संवाद पिछड़ा वर्ग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी में सामाजिक युवा संवाद पिछड़ा वर्ग का कार्यक्रम किया गया। जिसमें पिछड़ा वर्ग और ओबीसी मोर्चे के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं के सपने साकार करने का काम कर रही है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जो योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वह सफल हो रहे हैं। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज युवाओं के लिए मोदी योगी की सरकार ने बेहतर विकल्प दिए हैं कि वह अपने जीवन को नई दिशा दिखा सके। इस दौरान उन्होंने यह भी जानकारी दी की जिस प्रकार से युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पसंद करते हैं, उसका परिणाम लोकसभा चुनाव 2024 में भी देखने को मिलेगा। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि आज युवा सही गलत का चुनाव खुद कर रहे हैं यह भारत के लिए अच्छा संदेश है।

### युवाओं को सरकार दे रही है सुनहरे अवसर

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नाते युवाओं को बताया है कि आज युवाओं को सरकार सुनहरे अवसर प्रदान कर रही है। यही कारण है कि रोजगार के नए मार्ग भी बना रहे हैं और प्रदेश के युवा देश और विदेश में भारत और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने युवाओं के सपनों को सफल बनाने के लिए प्रदेश में कई नए विश्वविद्यालय और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी कई तरीके की प्रगति कारी है जो युवाओं को काफी लाभ पहुंचाने का काम करेगी।

### लोनी के युवा नहीं है किसी से कम : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि लोनी के युवाओं में भी रोजगार और आगे बढ़ाने के बहुत सारे अवसर हैं। लोनी के युवा आज किसी से पीछे नहीं हैं। यही कारण है कि दिल्ली और प्रदेश भर में लोनी की जो कभी पहचान थी आज उससे अलग तस्वीर नजर आ रही है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान परमेंद्र जांगड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ जयसवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय धामा सुनील पांचाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु शर्मा जिला युवा अध्यक्ष आकाश गौतम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### इतना भी ना हो कोई कमी... कि खुद को बताये पार्षद फॉर टू महीना

फूल वालों के यहां बड़ी क्षति हुई हैं लेकिन ऐसे में भी किसी की मति एकदम भ्रमित हो रही है। कहने वाले ने कहा कि कम से कम उन्हे इंसानियत के नाते ही जुबान बंद रख लेनी चाहिये थी। लेकिन अब तो मौहल्ले वाले ही कह रहे हैं कि इतना भी कमी... नही होना चाहिये कि जब उनके यहां रूदन है तब आप इस तरह की रयूमर फैलाये। मौहल्ले वाले व्यापारी ने जो कुछ अपने कानो से सुना उन्होने वहीं बात अपनी जुबान से भगवा गुप्ता जी को बताई। उन्होने बताया उन्होने पूरे मौहल्ले में ये प्रचार कर दिया है कि सरकार ने मुझे दो महीने के लिये इस वार्ड का पार्षद नियुक्त कर दिया है। बताने वाले सिम्पली कारोबारी हैं तो उन्हे ये सब बाते इतनी नही पता हैं लेकिन मडंल वाले तो सब कुछ जानते हैं। बात जब बाजार से लेकर मौहल्ले तक आई तो सबकी जुबान पर एक ही बात आई कि दुख की घड़ी में तो कम से कम मानवता दिखानी चाहिये। किसी भी इंसान को इतना भी कमी... नही होना चाहिये कि खुद को पार्षद ऑफ टू महीना ही बताने लगे।

### बोले भगवा सरदार यहां तो पार्षद प्रतिनिधि समझ रहा है खुद को सरकार

किस्सा पोएट सिटी के वार्ड को लेकर हैं और यहां फूल वाले पार्षद से नाराज भगवा सरदार जी रीजन ऑफ तकरार बता रहे हैं। पता चला है कि यहां पार्षद बिजी रहते हैं तो उन्होने अपना निजी पार्षद प्रतिनिधि रख लिया है। सरदार जी ने कहा कि ये तो चरम है कि जिस ब्लाक में पार्षद जी रहते हैं, उनका प्राईवेट प्रतिनिधि रहता है उसी ब्लाक के कामों को करने से वो इंकार कर रहे हैं। ये बात पार्षद प्रतिनिधि ने कालोनी के दस लोगों के सामने कही है। सरदार जी बता रहे हैं कि एफ ब्लाक और एफ ब्लाक की मार्किट वाले कोई भी काम के लिये मेंबर को या उनके प्रतिनिधि को कतई परेशान ना करे। सरदार जी का गुस्सा ही इसी बात को लेकर हैं कि जनता काम के लिये किससे कहेगी। वो बता रहे हैं कि यहां तो पार्षद का प्रतिनिधि ही खुद को पार्षद समझ रहा है।

### मेंबर बनने के बाद अब वो नही जाते हैं किसी की सिफारिश में चौकी थाने

जब से वो मौहल्ले वाला मेंबरी चुनाव जीते हैं तब से उनके तेवर कूल हो गये हैं। वैसे भी उनको जानने वाले बता रहे हैं कि बहुत दिनो से उन्होने कोई नया आईटम पेश भी नही किया है। एक दौर था जब चुनाव से पहले उनकी टौर ही अलग थी। कभी रातों को किसी के घर के बाहर धरना तो कभी उनकी जुबान से ही बहने लगता था क्रांति वाले शब्दों का झरना। लेकिन मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि टिकट उनकी वाईफ को मिला और चुनाव भी वाईफ ही जीती हैं लेकिन चुनाव के बाद से ही रिवोल्यूशन नेता के इमोशन ही चेंज हो गये हैं। चुनाव वाइफ जीती हैं मगर लाइफ का स्टाईल नेता जी का चेंज हो गया है। भगवा मेंबर अब किसी की सिफारिश में चौकी और थाने नही जाते हैं।

### लोकल सगंठन वालों को इस चुनाव में होना ही नही चाहिये वोकल

लोकसभा चुनाव में हाथ वाले रण में हैं और हाथ वालो के जिला तथा महानगर वालों से किसी ने टिकट ही नही मांगा। ना हाईकमान ने उन्हे बॉयोडाटा लेने के लिये कहा और ना दावेदारों ने उनसे सम्पर्क किया। रालोद वालों ने ही जब फूल से हाथ मिलाया तो कौन सा जिले और महानगर वालों को बताया। साईकिल ने सीटे छोड़ने से पहले कौन सा सगंठन अध्यक्षों को बुलाकर बात कर ली। यहां सगंठन सर्वोपरि की बात करने वाले ने कहा कि हैंडपंप साईकिल हैंड को ही क्या दोष देना हैं। यहां फूल वालों के सगंठन प्रधान नही बता सकते हैं कि टिकट क्यों होल्ड हुआ है और कब तक रिलीज हो जायेगा कमांडर से लेकर प्रधान तक इस बात से अंजान है कि टिकट पर किसका नाम हैं। ये लोकसभा का टिकट है बाबू और इसमें लोकल वालों को वोकल होना भी नही चाहिये। उनसे ना तो किसी का नाम पूछा जायेगा और ना ही उनकी कोई राय भी ली जायेगी।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ वार्षिक उत्सव पल्स का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव पल्स 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. सुचित्रा गुप्ता पूर्व डिप्टी डीन कल्चर, दिल्ली यूनिवर्सिटी आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के जनरल सेक्रेटरी सीए डॉ राकेश छारिया एवं संस्थान के निदेशक डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों के समक्ष वन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



वार्षिक महोत्सव में 14 प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन सोलो सिंगिंग, सुरताल जिसमें प्रतिभागियों को अपने गायन का प्रदर्शन करना था। कलाकृति, रंगोली प्रतियोगिता जिसमें छात्र-छात्राओ को रंगोली बनाकर अपने हुनर को दिखाना था। गीत जाता चल अंताक्षरी जैम, जस्ट ए मिनट, नटराज, सोलो डांस, शटर बग; फोटोग्राफी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक मंचतंत्र जिसमें प्रतिभागियों को एक थीम पर नाटक की प्रस्तुति करनी थी। एवं वोग फ्यूजन; फैशन शोद्ध का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। सदैव अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते रहना चाहिएए क्योकि कड़ी मेहनत और हिम्मत से ही लक्ष्य को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिए और अपने व्यवहार को अच्छा रखना चाहिए। किसी भी बारे में अपनी राय उसे अच्छी तरह समझ कर ही बनानी चाहिएए साथ ही भाषा पर पकड़ रखने कि सलाह दी। कार्यक्रम में गाजियाबाद नोएडा हापुड और दिल्ली के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों के कॉलेजों से 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कर भाग लिया। महोत्सव की शाम को रंगारंग बनाने के लिये दूसरे दिन इंडियन आइडल के प्रसिद्ध गायक मोहम्मद दानिश को आमंत्रित किया गया है। जो अपनी गायिकी से उपस्थित छात्र- छात्राओं का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा दूसरे दिन समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विजित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूजा रस्तोगी, विभागाध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ गगन वार्ष्णेय, विभागाध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस डॉ. अनिल कुमार निगम, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन डॉ सुरभि जौहरी, विभागाध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ बायोसाइंस भी उपस्थित रहे।



# व्यापार मंडल का कुनबा बढने से व्यापारियों में उत्साह : संदीप बंसल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने पुराने शहर के चौपला व्यापार मंडल का गठन किया। चौपला व्यापार मंडल में अध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, संरक्षक अजय कुमार, महामंत्री सोनू गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हितेश गुप्ता, उपाध्यक्ष ध्रुव शर्मा, उपाध्यक्ष निखिल शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश गर्ग, उपाध्यक्ष अंशुल सिंघल, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंघल, सह कोषाध्यक्ष प्रतीक गर्ग, मीडिया प्रभारी कमल बत्रा, वरिष्ठ मंत्री अमित धवन, मंत्री अमित गोयल, मंत्री मनीष जैन, मंत्री राजीव गर्ग को नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप बंसल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग जिला कोऑर्डिनेटर प्रेम प्रकाश चीनी, जिला संयोजक चेतन शर्मा, अनिल गर्ग, अमन सिसोदिया, आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# संस्कार कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च ने दो दिवसीय रोगी सुरक्षा सेल कार्यशाला का किया आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड रिसर्च में फार्माकोपियल शिक्षा और रोगी सुरक्षा सेल ने 14 और 15 मार्च को भारतीय फार्माकोपिया आयोग के सहयोग से फार्माकोविजिलेंस पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के पहले दिन, मुख्य अतिथि, डॉ जय प्रकाश, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी, प्रभारी अधिकारी - भारत के फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम, भारतीय फार्माकोपिया आयोग ने फार्माकोविजिलेंस की बुनियादी अवधारणाओं और भारत के फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति पर जोर दिया। सम्मानित अतिथि डॉ. अनिल कुमार तेवतिया ने भारतीय फार्माकोपिया में अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं और मोनोग्राफ के विकास की अवधारणाओं का वर्णन किया। आज कार्यशाला के दूसरे दिन, डॉ. आरएसरे, वैज्ञानिक सहायक, एनसीसी-पीवीपीआई, भारतीय फामाकोपिया आयोग ने छात्रों को विभिन्न फामाकोविजिलेंस विधियों और भारत में फार्माकोविजिलेंस की वर्तमान नियामक आवश्यकताओं से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि दवा सुरक्षा निगरानी किसी दवा के जीवन चक्र के सभी चरणों में एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। प्रतिष्ठित वक्ता डॉ गौरव प्रताप सिंह, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी, भारतीय फामाकोपिया आयोग ने दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में फार्माकोपिया की भूमिका पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय फामाकोपिया में दवाओं के मोनोग्राफ में शामिल विभिन्न मापदंडों के बारे में भी चर्चा की। कार्यशाला के बाद बी फार्म तृतीय वर्ष और अंतिम वर्ष के सभी छात्रों का मूल्यांकन किया गया और निदेशक, प्रोफेसर डॉ. बबीता कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ शबनम ऐन और डॉ अनुराधा सिंह, डॉ कुर्रतुल ऐन द्वारा



छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।, अक्षु राठी, निधि जैन और अर्जुन नागर। अध्यक्ष-एसईजी, मनोज कुमार गुप्ता, लव अग्रवाल और कुश अग्रवाल ने कार्यशाला की सफलता के लिए सभी संकाय सदस्यों और छात्रों को बधाई दी।

# अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय रणविजय सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान कुछ अधिवक्ताओं के कार्यों की तारीफ हुई तो कुछ को कार्य में सुधार करने की हिदायत दी गयी। एडीएम ई द्वारा पुलिस विभाग को हिदायत दी गयी की मुकदमा दर्ज करते समय सम्बंधित धाराओं, हस्ताक्षर, मोहर आदि पर विशेष ध्यान रखा जाए जिससे कि अधिवक्ताओं को केस लड़ने में सुविधा हो सके, किसी भी प्रकार की कमी की वजह से अपराधी छुटना नहीं चाहिए। इस दौरान बैठक में रखे गये बिन्दुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। एडीएम ई ने कहा कि बैठक का कार्यवृत बनाकर जिलाधिकारी को प्रेषित किया जाए। बैठक में मुख्य रूप अधिवक्तागणों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक से ठगे 26 हजार रुपए

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर बहन से छेड़छाड़ करने की बात कहकर एक युवक से 26 हजार रुपए व मोबाइल ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव भिक्कनपुर निवासी सलमान ईट भट्टे पर ईट ट्रैक्टर में ले जाने का काम करते है। वह ईट उतारकर वापस आ रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल से आगे पहुंचे तो एक युवक ने सलमान को ट्रैक्टर रोकने का इशारा किया। इसके बाद सलमान ने ट्रैक्टर रोक दिया। उक्त व्यक्ति ने कहा कि तू मेरी बहन के साथ छेड़छाड़ करके आया है। सलमान ने जब मना किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद उक्त युवक ने सलमान को अपने बहन के पास ले जाने को कहने लगा। युवक ने सलमान की जेब में रखे पैसे व मोबाइल ट्रैक्टर पर बैठे युवक को दे दिए। इसके बाद वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास पहुंचे। युवक अपनी बहन को बुलाने की बात कहकर वहां से चला गया और ट्रैक्टर पर बैठे व्यक्ति के पास पहुंचा। उसने उससे कहा कि सलमान ने पैसे व मोबाइल मंगवाया है। काफी इंतजार के बाद भी जब वह नहीं आया तो सलमान ट्रैक्टर पर पहुंचा तो युवक ने उसे सारी बात बताई।

## छात्रा पर आवारा कुत्ते ने किया हमला, घायल

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की जीतपुर कॉलोनी में टयूशन जा रही आठ वर्षीय कक्षा तीन की छात्रा को कुत्ते को काटकर घायल कर दिया। कॉलोनी के लोगों ने नगर पालिका परिषद से कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। नगर की जीतपुर कॉलोनी में साजिद मंसूरी परिवार सहित रहते है। उनकी आठ वर्षीय पुत्री मारिया कक्षा तीन की छात्रा है। दोपहर तीन बजे के आसपास मारिया टयूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। जब वह बीच रास्ते पहुंची तो अचानक कुत्ते ने छात्रा पर हमला कर दिया। छात्रा के पैर में काट लिया। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाकर छात्रा को बचाया। कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि आवारा कुत्तों का आंतक है। आए दिन किसी ना किसी को काटकर घायल कर रहे है। नगर पालिका परिषद से कई बार आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सड़क हादसे में घायल छात्र ने अस्पताल में तोड़ा दम

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने दो दिन पूर्व घायल हुए इंटर के छात्र ने दिल्ली के अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो बहनों का अकेला भाई था। गांव ढिढ़ार निवासी बबलु कुमार नगर में परिवार सहित रहते है। उनका 17 वर्षीय पुत्र मनजीत इंटर का छात्र था। दो दिन पूर्व वह अपनी बहन को लेकर स्कूटी से मुरादनगर से गांव ढिढ़ार जा रहे थे। जब वह रावली सुराना मार्ग पर गांव सरना स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार गन्ने से भरे ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में बहन भाई घायल हो गए थे। हालात गंभीर होने पर छात्र को दिल्ली रेफर कर दिया गया था। दिल्ली के अस्पताल में मनजीत ने दम तोड़ दिया। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई है। हादसे के बाद मां व बहनों का रो रोकर बुरा हॉल है।

# जीडीए ने इंदिरापुरम से हटाया अतिक्रमण

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम जीडीए की टीम ने शुक्रवार को इंदिरापुरम के वार्ड 98 व वार्ड100 अतिक्रमण हटाया। इस वार्ड 98 जयपुरिया मार्केट में जीडीए द्वारा अतिक्रमण हटाया गया जिसमें कई दर्जन खोखे हटाया गया। इस दौरान सड़क किनारे और नालियों पर अतिक्रमण किए हुए कई दर्जन से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया। भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

इंदिरापुरम के विभिन्न सड़कों पर अतिक्रमण होने से लगने वाले जाम की शिकायत का संज्ञान लेकर जीडीए ने इंदिरापुरम में जयपुरिया मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान रेहड़ी-पटरी वालों पर कार्रवाई करने के साथ सामन जब्त किया गया। जीडीए के अधिकारियों कहा कि लोगों की शिकायत पर सड़क किनारे नाली और पटरी पर रेहड़ी लगाने वालों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। चेतावनी मिलने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की गई। इंदिरापुरम के तीन पार्षद रहे, बुलडोजर के आगे पार्षद संजय सिंह, पार्षद डॉ अनिल तोमर पार्षद धीरज अग्रवाल वही लोगों को कहना था, कि यह कार्रवाई पार्षदों द्वारा कराई गई है।






## सड़क पार कर रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित गांव असालतनगर हनुमान मंदिर के सामने सड़क पार कर रही महिला को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी गई है। गांव असालतनगर निवासी रामकेश परिवार सहित रहते है। उनकी 48 वर्षीय पत्नी शकुलता देवी गुरुवार को गांव असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर के सामने सड़क पार कर रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक आई और महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला को आईटीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। बाइक सवार युवक की हालात भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक को कब्जे में ले लिया है।

# उत्तर प्रदेश मिलेट्स कार्यक्रम 2023-24 के अन्तर्गत 01 दिवसीय अध्यापकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स कार्यक्रम 2023-24 के अन्तर्गत 01 दिवसीय स्कूल केरीकुलम के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु अध्यापकों के प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में शम्भू दयाल इण्टर मीडिएट कॉलिज, गाजियाबाद के कान्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस प्रशिक्षण में श्री अन्न के लाभों से शिक्षकों एवं छात्रों की पोषण साक्षरता बढ़ाने के साथ-साथ श्री अन्न के स्मार्ट फूड के रूप में इसकी उपयोगिता आदि के सम्बन्ध में अध्यापकों को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ प्रमोद कुमार द्वारा श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन के बारे में जानकारी दी कि मिलेट्स सूखा प्रतिरोधी फसलें है जो अन्य फसलों की तुलना में आधे समय में पक जाती है तथा इन फसलों में कृषि निवेश की कम आवश्यकता होती है और उपज भी अच्छी होती है। डा० सरिता जोशी द्वारा अवगत कराया गया कि मिलेट्स में पाये जाने वाले तत्वों जैसे आयरन, कैल्शियम, जिंक, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन्स, खनिज और एन्टीऑक्सिडेन्ट से भरपूर पोषण का पावर हाउस है। हाल के शोध में पाया गया है कि स्कूली भोजन में चावल की जगह श्री अन्न शामिल करने से बच्चों की शारीरिक वृद्धि में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो सकती है। बाजरा बच्चों के विकास को 39 प्रतिशत तक बढ़ाता है। जिससे यह एक स्मार्ट फूड बन जाता है। डा एसपी पाण्डे, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि गौ आधारित खेती करने से मिलेट्स की फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। राम जतन मिश्र, उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि मिलेट्स (श्री अन्न) खाने से शिक्षकों और छात्रों की पोषण साक्षरता को कैसे बढ़ाया जा सकता है। श्री अन्न के अनेक प्रकार के व्यंजन बनाकर खाने से अत्यन्त लाभदायक है। श्री अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मिलेट्स की फसलों का उत्पादन एवं उत्पादन से प्राप्त होने वाली सामग्री से व्यंजन बनाकर खाने से शारीरिक एवं मानसिक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। भविष्य में मिलेट्स की फसले उगाये तथा अध्यापक एवं अधिकारी गण इसके लाभों से सभी को जागरूक करे तथा सभी अध्यापक अपने खान-पान में मिलेट्स को अपनाये तथा छात्रों को भी अपनाने हेतु प्रेरित करे। उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद के 22 विद्यालयों के 105 अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, देवेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य शम्भू दयाल इण्टर कॉलिज, गाजियाबाद आदि अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।





# आगामी वर्षों में गेमचेंजर साबित होगा भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। ये दावा किया है कि शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने। वर्मा ने हाल ही में भारत का दौरा किया और अब एक ब्लॉग में उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर बात की और दावा किया कि दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है। रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे।



## भारतवंशी रिचर्ड वर्मा ने बताया दोनों देशों में सहयोग की अपार संभावनाएं

भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।'

## अमेरिका ने कहा- हम सीएए लागू होने से चिंतित

अमेरिका की सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि वह भारत में सीएए लागू होने से चिंतित हैं और करीब से हालात पर नजर रखे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च को सीएए लागू होने को लेकर चिंतित हैं और यह देख रहे हैं कि कैसे यह कानून लागू किया जाता है। सभी धर्मों का सम्मान, सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रित सिद्धांत है। भारत सरकार ने नागरिकता संसोधन कानून 2019 को हाल ही में देश में लागू कर दिया है। इस कानून में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न झेलकर भारत आने वाले गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है।

इस कानून के तहत हिंदू, सिख, पारसी, जैन, बौद्ध और ईसाई समुदाय के लोगों को भारत की नागरिकता मिलेगी। मुस्लिमों को इस कानून से बाहर रखा गया है, जिसका विरोध हो रहा है। हालांकि सरकार ने साफ किया है कि यह कानून नागरिकता देने वाला कानून है और इसमें किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है।

## इन तीन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका

वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है। रिचर्ड वर्मा ने लिखा कि आज जो हम खतरे देख रहे हैं, वो असल में हैं, लेकिन साथ मिलकर हम अपनी क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं। जानकारियों का आदान-प्रदान बढ़ा सकते हैं और समुद्री सीमाओं की रक्षा और जागरुकता बढ़ा सकते हैं। पूरे हिंद प्रशांत महासागर की सुरक्षा में भारत की भूमिका खास रहेगी।
अमेरिका के शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इमर्जिंग तकनीक में भी दोनों देशों का सहयोग जरूरी है। इससे साइबर हमलों और इसके खतरों से निपटा जा सकेगा। डाटा सुरक्षा की दिशा में भी दोनों देशों को काम करना चाहिए। इसके लिए डिजिटल कनेक्टिविटी और साइबर सिक्योरिटी साझेदारी कर दोनों देश इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही सेमीकंडक्टर से लेकर दुर्लभ खनिजों, अंतरिक्ष खोज, अक्षय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन आदि क्षेत्रों में भी काफी संभावनाएं हैं।

# पृथ्वी के वातावरण में दाखिल होते हुए 'गुम' हुआ स्टारशिप, मस्क बोले- ये मानवता को मंगल पर लेकर जाएगा



**वांशिगटन।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दरअसल स्पेसएक्स के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का तीसरा परीक्षण लगभग सफल रहा। हालांकि परीक्षण के दौरान स्टारशिप जब अंतरिक्ष की उड़ान भरने के बाद वापस पृथ्वी के वातावरण में दाखिल हो रहा था, उस दौरान स्टारशिप का संपर्क टूट गया। परीक्षण की सफलता पर एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा कि स्टारशिप, मानवता को मंगल ग्रह पर लेकर जाएगा।

## दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट है स्टारशिप

स्पेसएक्स का रॉकेट स्टारशिप दुनिया का सबसे ताकतवर रॉकेट है, जिसकी लंबाई 397 फीट है और इसमें सुपर हैवी बूस्टर लगे हैं, जो 16.7 मिलियन पाउंड का थ्रस्ट पैदा करते हैं। नासा का स्पेस लॉन्च सिस्टम दुनिया का दूसरा सबसे ताकतवर रॉकेट हैं, लेकिन यह भी स्टारशिप की तुलना में आधा ही थ्रस्ट पैदा करता है। हालांकि स्टारशिप अभी प्रोटोटाइप स्टेज में ही है और नासा का रॉकेट सर्टिफाइड है और संचालन में है। तीसरे परीक्षण में स्टारशिप ने अपने अधिकतर उद्देश्यों को पूरा किया और कंपनी ने भी इस पर खुशी जताते हुए परीक्षण को करीब-करीब सफल बताया है। स्टारशिप रॉकेट रीयूजेबल है और यह अंतरिक्ष में 150 मीट्रिक टन भार ले जाने में सक्षम है। स्टारशिप में 100 लोगों को एक साथ मंगल ग्रह पर ले जाया जा सकेगा।

स्टारशिप रॉकेट का पहला परीक्षण अप्रैल 2023 में किया गया था, लेकिन उस दौरान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद स्टारशिप धमाके के साथ तबाह हो गया था। स्टारशिप का दूसरा परीक्षण नवंबर 2023 में किया गया। हालांकि अंतरिक्ष में जाने के बाद दूसरे परीक्षण में भी रॉकेट तबाह हो गया था। पहले दो परीक्षणों की तुलना में स्टारशिप का तीसरा परीक्षण काफी सफल रहा है। स्टारशिप का यह परीक्षण इसलिए भी अहम है क्योंकि इस दशक के अंत में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा स्टारशिप रॉकेट की मदद से ही अपने अंतरिक्ष यात्रियों को चांद पर भेजने की योजना बना रही है।

## पृथ्वी के वातावरण में दाखिल होते हुए टूटा संपर्क

स्पेसएक्स के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप ने गुरुवार को टेक्सास स्थित कंपनी के स्टारबेस बोका चिका से सुबह स्थानीय समय अनुसार, करीब 8.25 बजे उड़ान भरी। इस उड़ान का लाइव वेबकास्ट भी किया गया, जिसे सोशल मीडिया पर करोड़ों लोगों ने देखा। परीक्षण के दौरान सबकुछ ठीक रहा, सिर्फ पृथ्वी के वातावरण में फिर से एंट्री के दौरान रॉकेट से कंट्रोल रूम का संपर्क टूट गया। यह संपर्क उस वक्त टूटा, जब स्टारशिप हिंद महासागर के ऊपर था। हालांकि रॉकेट समुद्र में लैंड करने में सफल रहा।

## न्यूज डायरी

### सोमाली के चरमपंथी समूह अल-शबाब के लड़ाकों ने होटल पर किया हमला

**सोमाली।** सोमाली चरमपंथी समूह अल-शबाब के लड़ाकों ने राजधानी मोगादिशू स्थित एक होटल पर हमला कर दिया है। खुद समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर इसकी जानकारी दी है। समूह ने कहा कि एसवाईएल होटल राष्ट्रपति महल से ज्यादा दूर नहीं है। होटल को सरकारी अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। हालांकि, अब तक घायलों की जानकारी नहीं है।

### बाल मृत्यु दर कम हुई, खतरा बरकरार 2030 के लक्ष्य को पूरा करने का संघर्ष

**यूएन।** बाल मृत्यु दर कम हुई है, खतरा अभी भी बना हुआ है। इसके 2030 तक के इसे कम करने का लक्ष्य अभी भी पहुंच से बहुत दूर है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में पांच साल की उम्र से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या दुनियाभर में सबसे निचले स्तर (49 लाख) तक पहुंच गई है।
संयुक्त राष्ट्र बाल कल्याण संगठन (यूनिसेफ), विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से तैयार रिपोर्ट के मुताबिक 2000 के बाद से मृत्यु दर में 51 और 1990 के बाद से लगभग 62% की कमी आई है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा, रवांडा, कंबोडिया, मंगोलिया समेत अन्य देशों में इसी अवधि के दौरान, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर में 75 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। ये संख्या दाइयों और अन्य कुशल स्वास्थ्य कार्यकताओं के प्रयासों से कम हुई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद रिपोर्ट इस सफलता से जुड़े जोखिमों और निरंतर चुनौतियों को दिखाती है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को लेकर वैश्विक स्तर पर संघर्ष किया जा रहा है।
अफ्रीका जैसे देशों में मृत्यु दर सर्वाधिक : मध्य अफ्रीका, नाइजीरिया और सोमालिया जैसे देशों में शिशु मृत्यु दर दुनियाभर में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में चेताया गया है कि आर्थिक अस्थिरता, हिंसक टकराव, जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 महामारी के प्रभावों के कारण चुनौती बरकरार है।

### इटली ने टिकटॉक पर लगाया 90 करोड़ रुपये का जुमार्ना

**इटली।** इटली के प्रतिस्पर्धा नियामक एजीसीएम ने बृहस्पतिवार को टिकटॉक पर करीब 90 करोड़ रुपये (1.1 करोड़ डॉलर) जुमार्ना लगाया। नियामकीय आदेश के मुताबिक बार-बार चेतावनी देने के बाद भी टिकटॉक ने बच्चों व युवाओं के लिए हानिकारक सामग्री की जांच और छटनी नहीं की है। प्लेटफॉर्म पर सामग्री की पर्याप्त जांच नहीं करने के लिए टिकटॉक की तीन इकाइयों पर जुमार्ना लगाया है। चीनी कंपनी बाइटडांस के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म टिकटॉक के अलावा फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा सहित अन्य सोशल मीडिया कंपनियों पर कम उम्र के उपयोगकताओं की सुरक्षा के लिए दुनियाभर के नियामकों का दबाव है।

### प्रौद्योगिकी सुरक्षा के लिए भारत अमेरिका, दक्षिण कोरिया प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** भारत, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने संवेदनशील प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा और विश्व स्तर पर विश्वसनीय प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए समन्वय उपायों के लिए प्रतिबद्धता जताई है। तीनों देशों ने सियोल में एक त्रिपक्षीय प्रौद्योगिकी वार्ता बुलाई। बैठक में समन्वय की जरूरत पर जोर दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के लेखन ठक्कर, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के तरुण छाबड़ा व दक्षिण कोरियाई उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वांग युनजोंग मौजूद रहे।

### पाकिस्तान ने भारत से मिसाइल परीक्षण पर तय समय-सीमा का पालन करने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद।** भारत की स्वदेश निर्मित अग्नि-5 मिसाइल के परीक्षण का संज्ञान लेते हुए पाकिस्तान ने भारत से बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की पूर्व सूचना में निर्धारित समय-सीमा का पालन करने का आग्रह किया है।
भारत द्वारा कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल के परीक्षण के बारे में एक सवाल पर पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि इस्लामाबाद ने 11 मार्च को भारत के मिसाइल परीक्षण का संज्ञान लिया, जब भारत ने पाकिस्तान से इस बारे में अग्रिम सूचना साझा की थी।
उन्होंने कहा कि हालांकि भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की पूर्व सूचना पर समझौते के अनुच्छेद 2 में निर्धारित तीन दिवसीय समय-सीमा का पालन नहीं किया। बलूच ने कहा, हमारा मानना है कि पूर्व-सूचना पर समझौते का अक्षरश: पालन किया जाना चाहिए।
सोमवार को, भारत ने अपने मिशन दिव्यास्त्र के तहत कई हथियार ले जाने में सक्षम स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला परीक्षण सफलतापूर्वक किया और ऐसी क्षमता वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया। अग्नि-5 मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है और इसकी मारक क्षमता चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक की है।

### यूक्रेन में पश्चिम दलों को भेजने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता: मैक्रों

**फ्रांस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दोहराया कि यूक्रेन में पश्चिमी दलों को भेजे जाने की संभावना से इनकार नहीं किया सकता लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि वर्तमान स्थिति में इसकी आवश्यकता नहीं है। मैक्रों से बृहस्पतिवार को एक फ्रांसीसी समाचार चैनल से साक्षात्कार के दौरान यूक्रेन में पश्चिमी बलों को भेजे जाने की संभावनाओं के बारे में सवाल किया गया था जिसके जवाब में उन्होंने कहा, इस समय ऐसी स्थिति नहीं है, लेकिन ये सभी विकल्प खुले हैं। मैक्रों ने पिछले महीने भी कहा था कि यूक्रेन में पश्चिमी बलों को भेजे जाने की संभावना से इनकार नहीं किया सकता जिसे लेकर कई पश्चिम देशों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने साक्षात्कार के दौरान कहा कि यदि ऐसा कोई कदम उठाया जाता है तो इसके लिए रूस जिम्मेदार होगा, हम नहीं। उन्होंने कहा, फ्रांस यूक्रेन पर आक्रमण का नेतृत्व नहीं करेगा लेकिन आज, यूक्रेन में शांति की खातिर हमें कमजोर नहीं होना चाहिए। मैक्रों ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब इस सप्ताह फ्रांसीसी संसद में देश की यूक्रेन संबंधी रणनीति पर बहस की गयी थी। देश की नेशनल असेंबली और सीनेट दोनों ने पिछले महीने मैक्रों और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादीमिर जेंलेंस्की के बीच हुए 10-वर्षीय द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते को प्रतीकात्मक मतों से मंजूरी दे दी।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 94 हजार केंद्रों पर तीन दिन चलेगी वोटिंग, पुतिन का पांचवीं बार जीतना तय

**मास्को।** यूक्रेन से जंग के बीच रूस में आज से आम चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई हैं। रूस में 15 से 17 मार्च तक मतदान चलेंगे। व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वे पुतिन पांचवी बार सत्ता में लौटेंगे। पांचवी बार उनका सत्ता में आना लगभग निश्चित है।



रूसी मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्रों जैसे पूर्वी कामचटका और चुकोटका में मतदान केंद्र पहले ही खुल गए थे। कामचटका के राज्यपाल व्लादिमीर सोलोडोव ने क्षेत्र में सबसे पहले वोटिंग की। वहीं, डोनबास और नोवोरोसिया में पहली बार चुनाव हो रहे हैं। दोनों क्षेत्रों के लोग पहली बार अपने राष्ट्रपति का चयन करेंगे। बता दें, डोनबास और नोवोरोसिया यूक्रेनी शहर हैं, जिस पर अब रूस का कब्जा है। चुनाव आयोग की अध्यक्ष एला पामफिलोवा ने बताया कि ऐसा पहली बार है कि रूस में तीन दिनों तक मतदान हो रहे हैं और लोगों को यह पहल पसंद आई है क्योंकि उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में वोट डालने के लिए अधिक समय मिल रहा है। रूस के 94,000 से अधिक मतदान केंद्र सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खुले रहेंगे। मतदान औपचारिक रूप से 17 मार्च को रात 9 बजे (स्थानीय समय) खत्म हो जाएंगे। लोगों के पास इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वोट डालने का भी विकल्प है। मॉस्को सहित 29 अलग-अलग क्षेत्रों में ऑनलाइन वोटिंग की सुविधा उपलब्ध है। 4.7 मिलियन से अधिक लोगों ने ऑनलाइन वोट करने के लिए आवेदन किया है।

## रूस में पुतिन की लोकप्रियता सबसे अधिक

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक गैर-सरकारी मतदान संगठन, लेवाडा सेंटर की एक रिपोर्ट की मानें तो पुतिन की रेटिंग 86 प्रतिशत से अधिक है। युद्ध के दौरान उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है। मॉस्को की तात्याना का कहना है कि मैं पुतिन को वोट दे रही हूं। मुझे पुतिन पर भरोसा है। वह बहुत शिक्षित हैं। पुतिन वैश्विक नेता हैं। मैं पुतिन के नेतृत्व का समर्थन करती हूं।

## दूसरे दौर का मौका भी मिलेगा

हालांकि, प्रारंभिक और डाक मतदान पहले ही शुरू हो चुका है, जिसमें यूक्रेन का कुछ हिस्सा भी शामिल हैं। यदि किसी उम्मीदवार को आधे से अधिक वोट नहीं मिले पाए तो तीन सप्ताह बाद दूसरे दौर का मतदान होगा। अगर पुतिन दोबारा राष्ट्रपति पद के चुनाव जीतते हैं तो वह करीब 2030 तक सत्ता पर बने रहेंगे।

## यह हैं राष्ट्रपति पद के दावेदर

निवर्तमान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन
व्लादिस्लाव दावानकोव
लियोनिद स्लटस्की
निकोले खारितोनोव

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए शुरूआत में 33 लोगों ने दावेदारी की थी लेकिन 15 लोग ही आवश्यक दस्तावेज जमा कर पाए। हालांकि, एक जनवरी को दस्तावेज जमा करने की अंतिम समय सीमा तक 11 उम्मीदवार ही राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए बचे। अंत में चार ही उम्मीदवार राष्ट्रपति पद के लिए मैदान में आ पाए।

# युद्ध के बीच मोहम्मद मुस्तफा फलस्तीन के नए पीएम नियुक्त

**फलस्तीन।** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने फलस्तीनी प्राधिकरण (पीए) में सुधार को लेकर अमेरिकी दबाव के बीच मोहम्मद मुस्तफा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। मुस्तफा लंबे समय से अब्बास के आर्थिक सलाहकार रहे हैं। गाजा युद्ध के मद्देनजर फलस्तीन के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति अमेरिका की पोस्ट-वॉर योजना का हिस्सा बताई जा रही है। फलस्तीन के पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद शतीह ने पिछले महीने सरकार के साथ इस्तीफा दे दिया था।



फलस्तीनी राष्ट्रपति अब्बास ने एक बयान में प्रधानमंत्री के रूप में मुस्तफा की नियुक्त की जानकारी दी। साथ ही अब्बास ने नए पीएम से वेस्ट बैंक और गाजा में प्रशासन को फिर से एकीकृत करने, सरकार, सुरक्षा सेवाओं और अर्थव्यवस्था में सुधारों का नेतृत्व करने और भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए योजनाएं बनाने को कहा।

अमेरिका से शिक्षित अर्थशास्त्री मोहम्मद मुस्तफा इस्राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में तकनीकी सरकार का नेतृत्व करेंगे, जो गाजा को देश का दर्जा देने से पहले प्रशासित कर सकती है। मुस्तफा को राजनीतिक रूप से खुले विचार का माना जाता है। हालांकि, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में युद्ध के बाद की अमेरिका की योजनाओं का कड़ा विरोध कर रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मोहम्मद मुस्तफा के नेतृत्व में नई सरकार की नियुक्ति अमेरिकी सुधार की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी, क्योंकि 88 वर्षीय राष्ट्रपति अब्बास का फलस्तीनी प्राधिकरण पर पूरा नियंत्रण रहेगा।

# हाईकोर्ट से इमरान समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को लगा झटका, अब खटखटाएंगे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की पार्टी ने घोषणा की है कि वह सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की याचिका को खारिज करने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी, जिसमें राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में आरक्षित सीटें अन्य दलों को आवंटित करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई थी।



पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों के बाद से सियासी उठा पटक जारी है। हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा झटका लगा था, जिसका फायदा पूर्व पीएम नवाज शरीफ को मिला। दरअसल, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने खान समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) को आरक्षित सीटें देने से मना कर दिया था, जिससे नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। इसके बाद एसआईसी ने हाईकोर्ट का रुख किया था, हालांकि वहां से भी उसे मायूस लौटना पड़ा। अब इमरान खान की पार्टी ने एलान कर दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। इस समय पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।

पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) ने गुरुवार को खान समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) को झटका देते हुए उसकी याचिकाओं को खारिज कर दिया। पीठ ने लगातार दो दिनों तक दलीलें सुनीं और एसआईसी द्वारा दायर दो याचिकाओं को खारिज कर दिया। इस याचिका में पीटीआई के सांसदों ने आठ फरवरी के चुनावों के बाद राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों के अपने हिस्से का दावा किया था। इस फैसले के बाद पीटीआई के अध्यक्ष गौहर अली खान ने कहा कि पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी आरक्षित सीटों के अपने हिस्से का दावा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। गौहर ने शीर्ष अदालत से मामले की सुनवाई के लिए एक बड़ी पीठ गठित करने का आग्रह किया।

अदालत ने छह मार्च को एसआईसी को अंतरिम राहत दी थी और नेशनल असेंबली के स्पीकर को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से आरक्षित सीटों पर चुने गए आठ सांसदों को शपथ नहीं दिलाने का निर्देश दिया था। इस मामले में जटिल कानूनी सवालों को ध्यान में रखते हुए, पीएचसी के मुख्य न्यायाधीश ने एक विशेष बड़ी पीठ का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति इश्तियाक इब्राहिम, न्यायमूर्ति एजाज अनवर, न्यायमूर्ति सैयद मुहम्मद अतीक शाह, न्यायमूर्ति शकील अहमद और न्यायमूर्ति सैयद अरशद अली शामिल थे।

## चुनाव कानून की धारा 104 को भी चुनौती दी

एसआईसी ने अदालत से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को संसद में उनकी संख्या के आधार पर आरक्षित सीटें आवंटित करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका में चुनाव कानून की धारा 104 को भी चुनौती दी गई थी जो आरक्षित सीटों के लिए किसी राजनीतिक दल द्वारा उम्मीदवारों की प्राथमिकता सूची प्रस्तुत करने की अनिवार्यता से संबंधित है।

# राहत सामग्री का इंतजार कर रहे लोगों पर गोलाबारी, 20 की मौत, फलस्तीन ने इस्राइल को ठहराया जिम्मेदार

**गाजा।** गाजा में गुरुवार को गोलाबारी में 20 लोग मारे गए। वहीं इस हमले में 155 लोग घायल भी हुए हैं। गोलाबारी उस समय की गई, जब सभी लोग राहत सामग्री का इंतजार रक रहे थे। अल शिफा अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद गराब ने मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि घायलों को दूसरे अस्तपतालों में स्थानांतरित किया जा रहा है।



## फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइल को ठहराया जिम्मेदार

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, मौके पर मौजूद एक गवाह ने बताया कि गुरुवार के हुए इस हमले में दर्जनों लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हादसे के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि किसी तोप या टैंक से हमला किया गया था। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने कहा, इस्राइली सेना अभी भी उत्तरी गाजा पट्टी में राहत सामग्री की प्रतीक्षा कर रहे निर्दोष नागरिकों को मारने की नीति पर काम कर रही है। वहीं इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की कि मानवीय सहायता पहली बार समुद्र के रास्ते से गाजा में प्रवेश करेगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा, गाजा में वायु, जमीन और समुद्र के रास्ते से मानवीय सहायता दी जा रही है। पहली बार समुद्र के रास्ते मानवीय सहायता गाजा पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस्राइल के साथ जारी युद्ध के बीच राफा में हमास की ऑपरेशन यूनिट के कमांडर मोहम्मद अबू हसना पर निशाना बनाया जा रहा है।

आईडीएफ ने एक्स पर कहा, लेबनान में एक हमास का आतंकी हादी अली मुस्तफा इस्राइल और यहूदियों के खिलाफ आतंकी साजिश रचने का जिम्मेदार है।

# क्या चीन और रूस से सैटेलाइट के जरिए अमेरिका में फोन को मिल रहे सिग्नल! एफसीसी ने बिठाई जांच

**वाशिंगटन।** फेडरल कम्यूनिकेशन कमिशन (एफसीसी) ने गुरुवार को कहा कि वह इस बात की जांच कर रहा है कि क्या अमेरिका में मोबाइल जैसे उपकरण, विदेशी विरोधियों रूस और चीन द्वारा नियंत्रित सैटेलाइट से सिग्नल प्राप्त कर रहे और इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

एफएसएसी ने चिंता जाहिर की है कि मोबाइल फोन जैसे उपकरण विदेशी विरोधियों द्वारा नियंत्रित सैटेलाइट से ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) सिग्नल प्राप्त कर रहे हैं, जो आयोग के नियमों का उल्लंघन कर सकते हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह अभ्यास सुरक्षा खतरा पैदा करता है या नहीं।

## जांच चल रही है

एफसीसी ने गुरुवार को जांच का खुलासा किया और कहा कि जांच चल रही है। वहीं, एजेंसी के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि एजेंसी कई महीने पहले शुरू हुई जांच में एप्पल इंक, अल्फाबेट इंक के गूगल, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और नोकिया ओयज सहित डिवाइस निमार्ताओं की जांच कर रही है। एप्पल, गूगल, मोटोरोला, नोकिया, सैमसंग और अन्य से जवाब मांग जा रहा है। फिलहाल इन कंपनियों ने कोई बयान जारी नहीं किया है।

एफसीसी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'फिलहाल कोई सबूत नहीं है कि सुरक्षा में उल्लंघन हुआ है या नहीं।'




## चीन ने की थी अमेरिका से बात

हाउस सेलेक्ट चाइना कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइक गैलाघेर ने इस सप्ताह की शुरूआत में एफसीसी अध्यक्ष जेसिका रोसेनवोर्सेल से बात की और उन रिपोर्टों के बारे में चिंता जताई थी, जिसमें कहा जा रहा है कि अमेरिकी सेल फोन चीनी और रूसी उपग्रहों से सिग्नल प्राप्त कर रहे थे और इस्तेमाल किए जा रहे थे।

# नवनिर्वाचित एमएलसी मोहित बेनीवाल का भाजपाईयों ने किया पांच स्थानों पर जोरदार स्वागत









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोहित बेनीवाल के एमएलसी बनने के बाद प्रथम बार गाजियाबाद आगमन पर पांच स्थानों यूपी गेट एलिवेटेड रोड,विजय नगर कट, गोल्फलिंक, वेदांता एवं पेरीफेरल मेरठ एक्सप्रेस हाईवे पर शानदार स्वागत अभिनन्दन किया गया। यूपी गेट एलिवेटेड रोड पर शानदार स्वागत अभिनन्दन किया। एमएलसी चुने जाने के बाद पहली बार लखनऊ से नोएडा जाते समय भाजपा के नव निर्वाचित विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल का जिले में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उन्हें रोककर माल्यार्पण किया और गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान मोहित बेनीवाल ने कहा कि वह नेता नहीं कार्यकर्ता के रूप में ही पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे विधान परिषद सदस्य चुन कर पार्टी ने कार्यकताओं का सम्मान बढ़ाया है। भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने माला पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल माला से उन्हें लाद दिया। इस दौरान स्वागत करने वालों में महामंत्री पप्पू पहलवान, संजीव झा, उदिता सुशील गौतम, त्यागी, रानिता सिंह, खोड़ा पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, मंडल बिजेन्द्र भड़ाना, प्रीती चंद्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, निर्दोष कसाना, अमित कल्याणी, पार्षद सतेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, अनिता शर्मा, पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद गौरव सोलंकी, नरेश भाटी, पार्षद हरीश कडाकोटी, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद विनय चौधरी, वर्षा हजेला, आशीष चौधरी, सिद्धी प्रधान अग्रवाल , सुषमा गंगवार, आशुतोष शर्मा, हरेन्द्र चौधरी, सोनवीर सिंह, आदित्य ढाका, पिंटू तोमर, राजीव शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

# निगम ने की चार पार्किंग स्थलों की नीलामी, कमाए 21 लाख 51 हजार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में पार्किंग नीलामी की गई, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी पार्किंग डॉक्टर संजीव, पार्षद उदित मोहन गर्ग व अन्य संबंधित उपस्थित रहे, पांच कंपनियों द्वारा पार्किंग के लिए कार्यवाही की जिसमें से शहर के चार स्थानों की पार्किंग का अलॉटमेंट किया गया, संपूर्ण कार्यवाही पूरी करते हुए गाजियाबाद नगर निगम के चार पार्किंग को नीलम किया गया है रिपोर्ट नगर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी लगभग 21 लाख 51000 नीलामी से गाजियाबाद नगर निगम को प्राप्त होंगे। प्रभारी पार्किंग द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार पार्किंग व्यवस्था हेतु कार्यवाही जोरों से की जा रही है जिसके क्रम में नगर निगम मुख्यालय में पार्किंग नीलामी कराई गई ऑपूलेंट मॉल के बाहर की पार्किंग लगभग चार लाख 60 हजार में दी गई , मोहन नगर सरदार पटेल मूर्ति के पास की पार्किंग 1 लाख 60000 में दी गई, आरटीओ स्थित पार्किंग लगभग 2 लाख से अधिक में दी गई, कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र की पार्किंग 12 लाख 51 हजार में दी गई चारों पार्किंग स्थल साडे 4 महीने के लिए आवंटित किए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम पार्किंग व्यवस्था को लेकर नियम अनुसार कार्यवाही कर रहा है शहर में आवागमन सरल हो तथा वाहन पार्किंग एरिया में सुरक्षित रहे विशेष ध्यान रखा जा रहा है वहीं दूसरी ओर पार्किंग संचालन करने वाले ठेकेदारों को भी नियम अनुसार पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

# श्रीमद् भागवत का समापन भव्य रहा, अंतिम दिन भी उमड़ा जनसैलाब







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महीनों से गाजियाबाद में जिस श्री मद भागवत आगाज जितने जोर-शोर से किया गया था जिसे सुनने के श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता था उसका समापन भव्य तरीके से किया गया। लगातार भक्तों से पण्डाल भरा रहा, रोज तीस हजार से ज्यादा भक्तों ने कथा का आन्नद उठाया। पूज्या जया किशोरी के मुखारबिंद से भागवत कथा की अमृत धारा ने सबको भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत भजन गायक प्रफुल्ल गुप्ता ने खाटू श्याम के भजनों से की गयी। दीनानाथ मेरी बात छांनी कौनी तेरे सै भजन पर सभी भक्त मगन हो गये। सौम्यता कि मूर्ति पूज्या जया किशोरी ने राधे-राधे से कथा की शुरूआत की। पूज्या जया किशोरी ने कृष्ण के भजन अपनी मंधुर कंठ से गाये, ऐसा लगा मानो साक्षात सरस्वती मां उनके कंठ में समा गयी। कल की कथा के प्रसंग कृष्ण रुक्मणी के विवाह की मनमोहक प्रस्तुति को आगे बढ़ाते हुए किशोरी जी ने कृष्ण जी के अन्य विवाह की कथा सुनाई, सनातन धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श जीवन की सुंदरमय प्रस्तुति की। जया किशोरी ने आज के यजमानों आशा शर्मा पूर्व मेयर, सुभाष जैन, विजय जिन्दल, नरेश गर्ग, सौरभ गुप्ता, संजय गर्ग, संजय गोयल, राहुल जैन, संजय गुप्ता, आलोक गर्ग, विकास गर्ग, मुकेश बाबा, राजेंद्र गर्ग, योगेश गोयल न्यू वस्त्र लोक व अनिल मित्तल जी के साथ पूजन किया। कार्यक्रम में पधारे माननीय अतिथियों का अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सॉंवरिया ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनिल अग्रवाल सॉंवरिया, अनिल गर्ग, रामअवतार जिन्दल , आशु बिन्दल, गौरव गर्ग, सौरभ गुप्ता, मुकेश बाबा, आलोक गर्ग , सौरभ किराना मंडी, योगेश गोयल, सुनील त्रिवेणी, वी. के गुप्ता, तनु गम्भीर, संजय गुप्ता फ्रूट वाले, सुनील वार्ष्णेय,अशोक अग्रवाल, अरुण सिंघल, सौरभ जयसवाल, भानु सिसोदिया, मंयक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल व संजय अग्रवाल, दिप्ती अरोड़ा, ममता गर्ग, रितू गुप्ता, सीमा गोयल आदि ने कथा में योगदान किया ।

# खबर का हुआ असर, सिंचाई विभाग ने अवैध पुल को किया जमींदोज





चौधरी अफसर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** करंट क्राइम अखबार की खबर का एक बार फिर हुआ असर गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के पास सिंचाई विभाग के नाले पर अवैध कब्जा कर रातों-रात अवैध पुल बनाने का मामला प्रकाश में आया जिसको लेकर करंट क्राइम ने बारीकी से खबर को छापा तो सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेते हुए जेसीबी और क्रेन की मदद से नाले से पाइप को बाहर निकला गया और अवैध पुल को जमींदोज कर दिया। रातों-रात अवैध पुल बनाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की भी बात की गई। मौके पर आला अधिकारी जेई, पत्रोल, क्षेत्रीय पटवारी सहित कई अन्य अधिकारी स्थल पर मौजूद रहे।

# जीडीए ने विभिन्न योजनाओं में रिक्त व्यवसायिक भूखण्ड की नीलामी आयोजित की



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त व्यवसायिक भूखण्ड, औद्योगिक भूखण्ड, कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, आवासीय भूखण्ड लवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी प्राधिकरण हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में आयोजित की गयी। उक्त नीलामी की कार्यवाही सीपी त्रिपाठी अपर सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई, जिसमें मानवेन्द्र सिंह प्रभारी मुख्य अभियन्ता, सुरजीत सहायक अभियन्ता, विनय कुमार वर्मा सहायक अभियन्ता, योगेन्द्र कुमार लेखाकार, प्रभात कुमार वरिष्ट सहायक आदि मौजूद थे। उक्त नीलामी में मधुबन बापूधाम योजना के 01 औद्योगिक भूखण्ड पर बोली/निविदा के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। उक्त सम्पत्ति के सापेक्ष प्राप्त उच्चतम बोली/निविदा के अनुसार प्राधिकरण को लगभग रूपये 10.40 करोड़ की सम्भावित आय होगी। आवेदकों/क्रेताओं के रूझान को देखते हुल प्राधिकरण द्वारा रिक्त सम्पत्तियों की नीलामी पूर्व की भांति प्रत्येक शुक्रवार (अवकाश को छोड़कर) को नियत समय व नियत स्थान पर आयोजित की जायेगी।





# रालोद कार्यकर्ता लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों को मजबूती से चुनाव लड़ायें : अजय वीर सिंह



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रालोद का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत होने के बाद जनपद हापुड़ में पहली बार आगमन पर रालोद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने हापुड़ तहसील चौराहे पर स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उसके बाद रालोद कार्यकताओं ने फ्री गंज रोड पर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट का स्वागत समारोह रखा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बोलते हुए कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनावों की अधिसूचना जारी होने वाली है। रालोद ने एनडीए के साथ गठबंधन किया है। रालोद कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार को मजबूती से चुनाव लड़ायें। इस बार पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर पूरे प्रदेश में एनडीए 80 लोकसभा सीटें जीतने का काम करेगा जिससे कि पूरे देश मे अबकी बार चार सौ पार का एनडीए का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि रालोद एनडीए में रह कर और मजबूती से किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं की आवाज उठाता रहेगा।

एनडीए में शामिल होने के बाद रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह की नीतियों में विश्वास व आस्था रखते हुए रालोद में अन्य दलों के पदाधिकारी व नेता लगातार शामिल हो रहे हैं। स्वागत समारोह की अध्यक्षता रालोद के ज़िला अध्यक्ष रविंद्र प्रधान ने की तथा संचालन पं नानक चन्द शर्मा ने किया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव प्रो अब्बास अली, पूर्व ज़िला अध्यक्ष संजीव भरना, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमन्त मिश्रा, बिजेनदर दिवान जी, शकील अहमद, अबरार सैफी, मनोज तेवतिया,योगेश जाखड, रालोद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शिव कुमार चौधरी, पिंटू जाटव, चौधरी धूम सिंह, नवीन चौधरी, संजय चौधरी, ताज मोहम्मद, फरियाद चौधरी, प्रदीप शर्मा, विजय गिरि, बबलू कुरैशी,वसीम खान, एजाज अहमद, अनुज अग्रवाल आदि रहे।

# नगर आयुक्त ने टीम को दिया निर्देश, कचरा प्रोसेसिंग क्षमता व उपकरणों की संख्या बढ़ाए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कचरा प्रोसेसिंग साइट का अचानक निरीक्षण किया गया मौके पर कचरा प्रक्रिया किया जा रहा था मशीनों के माध्यम से आरडीएफ व अन्य कार्यवाही पर कार्य चल रहा था मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे, संबंधित टीम मौके पर कार्य कर रही थी जिनके द्वारा नगर आयुक्त को निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी नगर आयुक्त द्वारा कार्य की रफ्तार बढ़ाने की निर्देश दिए। पाइपलाइन पर स्थित कचरा प्रोसेसिंग साइट जहां पर प्रतिदिन शहर के कचरे का प्रोसेस किया जाता है नगर आयुक्त द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान जेरोन कंपनी तथा रोज कंपनी की टीम से वार्ता करते हुए कचरा प्रोसेसिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए वर्तमान में साइट पर पांच बड़ी मशीन कचरा निस्तारण का कार्य कर रही हैं, रिफ्यूज ड्राइव फ्यूल बनाकर सूखे कचरे का निस्तारण किया जा रहा है तथा खाद बनाकर गीले कचरे का निस्तारण किया जा रहा है नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन 2000 से 2500 टन कचरे का निस्तारण करने की निर्देश दिए गए।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया नगर आयुक्त महोदय की निर्देश अनुसार न केवल शहर के भारी मात्रा में सृजित कूड़े का निस्तारण व्यवस्था पूर्वक कराया जा रहा है बल्कि आसपास स्थान पर किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान भी गाजियाबाद नगर निगम रख रहा है नगर आयुक्त महोदय की निर्देश की क्रम में सड़कों को व्यवस्थित किया गया है प्रतिदिन सुख तथा गीले कचरे को अलग-अलग करते हुए कचरे का प्रोसेसिंग साइट पर निस्तारण किया जा रहा है नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान आसपास के क्षेत्र में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसके क्रम में प्रकाश की सुविधा मार्गो की सुविधा तथा किसी प्रकार की गंदगी ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए निरीक्षण लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर बेहतर कार्य की निर्देश दिए, मौके पर स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ निर्माण विभाग की टीम भी उपस्थित रही।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटी के जन्मदिन की खुशी को मम्मी पापा ने परिवार के साथ सेलिब्रेट किया। संदीप त्यागी की सुपुत्री अरना त्यागी के जन्मदिन की खुशी को परिवार ने साझा किया। केक काटा और बिटिया को ढेरों आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान कर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दीं। इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।